The tectonic shifts in the economy across those four decades are illustrated by changes in the index composition. As companies gain (or lose) market value and sectors gain in importance, they move in (and out) of the index. Only seven companies survive from that original list of 30 — namely (in alphabetical order), Hindustan Unilever, ITC, Larsen & Toubro, Mahindra & Mahindra, Reliance Industries and the Tata twins — Tata Steel (then known as "Tata Ordinary") and Tata Motors (aka "Telco"). The current index includes several entirely new sectors which did not exist in 1986. There were no listed banks in 1986, for example, since the entire sector was nationalised. Banking is now the single-largest sector by weight. The Sensex set includes five private banks with just one public sector bank. Add in non-banking financial companies, and the sector is, by far, the most important index component. India's information technology industry was barely conceptualised in 1986 and there were no listed IT companies. IT is now the second-largest sector by weight. There are two listed mining conglomerates including a public sector unit, and another Sensex PSU is a producer of crude oil and natural gas. There are six listed automobile companies — there were only three in 1986.

The 2019 Sensex also includes a private telecom service provider with 350 million subscribers, and another company, which is nominally classified as a refiner/marketer of fuels, also owns a large telecom service with 280 million subscribers. This was unthinkable in 1986, when getting a landline meant being on the waiting-list for years. Old-style commodity businesses such as cement producers, textile manufacturers and paper mills have gradually been shouldered out by these new upstarts that were only allowed to start operations after the New Economic Policy of 1991. The index composition also shows the increasing importance of private consumption since banking, finance, telecom, automobiles *et al* are largely driven by retail consumption.

Liberalisation came relatively late to the investment industry itself. Private mutual funds, exchange-traded funds, and ULIPs were not allowed to provide services until the 21st century. This means that, in many ways, the returns indicated by the Sensex were just a theoretical construct for the first 15 years or so of its existence. There were no index funds or ETFs available to capture index performance; there was only UTI, which offered strange instruments with no correlation to stock-market movements. Individual investors punted as they pleased, trading paper certificates in an opaque system of open outcry where huge brokerages were charged and transactions rolled over for years on end. Indeed, the creation of a financial regulator, the Securities and Exchange Board of India (Sebi), triggered a strike in April 1992 by the brokers who controlled the BSE. That strike led directly to the discovery of the Harshad Mehta scam. The legendary "Big Bull" couldn't liquidate his stock positions to return cash "borrowed" from the banking system.

The BSE is now a listed corporate entity and the Sensex has, in many ways, been superseded by the broader Nifty. But it remains a unique artefact with India's financial history embedded within in its meandering journey northwards.

# Getting clean air back

## Air pollution can be brought down to near permissible levels within five years with the use of the right regulatory and policy instruments

AJAY SHANKAR

The good news is that finally there is a National Clean Air Program to mitigate the real health crisis that air pollution is causing. The task is daunting. All new programs need substantial funds for the subsidies and grants that are the normal instruments of implementation. The fiscal deficit will, however, be higher in the coming financial year and the new government would need to again move towards fiscal rectitude. The provision of large budgetary resources for clean air may, therefore, be difficult. So the challenge would be to make a major dent without much money. Fortunately, there are some zero and modest cost options, which can have a major impact and require only policy and regulatory interventions.

The zero cost option for getting air pollution from burning of crop residues down to zero would be for the thermal power stations of the region to offer an attractive enough price for the supply of briquettes made from crop residues. The price signal would get competitive private investment into briquette making plants. The farmers would get a price for their crop residue and some increase in their incomes. The additional cost, if any, that the power plants would incur by the use of briquettes instead of coal would be a pass through in their regulated tariff. The impact on the final consumer would be negligible. All that would be needed is a policy mandate to thermal power plants and regulators.

Electricity and gas cylinders are reaching all rural households through *Saubhagya* and *Ujjwala* programmes. Cow dung is presently used for cooking and is a significant source of air pollution. The Power Distribution Companies could announce a sufficiently remunerative tariff for the purchase of electricity generated from cow dung. This could be a separate earmarked component of the Renewable Energy Purchase obligations of the Distribution Companies. A policy mandate to the Regulators would be needed. There are mini plants, which convert cow dung into gas and compost and use the gas, to generate electricity. Private investors would then put up plants in villages and pay a price for cow dung. Cattle owning households would get some additional income. With this they would find it easier to pay for clean energy, electricity, and gas, for cooking. In a few years all the cow dung in the country could be converted into clean energy and would cease to cause air pollution. The additional cost to the consumer of electricity as a result would be marginal.

Electric vehicles do not pollute the air. To begin with, the Transport Authorities in the more polluted areas, such as the National Capitol Region, could announce that from, say, 1st January 2020, all new as well as replacement permits for taxis, three wheelers, and mini buses for local public transport would be given only for electric vehicles. This would give enough time for the electric vehicle manufacturers in India to ramp up production. They have the electric vehicles. The local authorities should get a sufficient number of charging stations in place by then. The cost of these electric vehicles have come down considerably. The Energy Efficiency Services Limited(EESL) is providing electric vehicles to the government at the existing market rates. These do not need subsidies for public transport. Purchase of electric vehicles for personal use would rise only after people get used to electric taxis. However, the electric two wheelers have become so economical that they only need the network of charging stations to dramatically increase market share. But buses need subsidies as their costs are still quite high. Subsidising electric buses by fully foregoing the goods and services tax (GST) would be amply justified. It may be noted that London is mandating that all taxis be electric to address growing concerns there about air pollution.

Micro, small and medium industries cause considerable air pollution as they use coal and other polluting energy sources. A rapid extension of the gas grid to cover all urban areas and industrial clusters would enable these industrial units to use clean gas as their energy source. All households would also switch over to piped gas for cooking. Imported liquefied natural gas (LNG) based fuel would be able to cater to the full demand. This can be done without any subsidy. The distortion of dual pricing in gas; one for domestic gas and one for imported LNG has outlived its rationale and needs to go. There should be only one price for all consumers as is the case with petrol and diesel.

Then there are old coal fired stations in and around urban centres. These can easily be closed to reduce air pollution. This should pose no difficulty as the country has surplus power capacity. The recent closure of the Badarpur thermal plant is a good example. Such closure of old polluting plants would also reduce net carbon emissions as the newer plants are more energy efficient. In addition, the increased demand for electricity from newer plants would, to some extent, mitigate the risk of these plants becoming NPAs due to lack of demand.

Old commercial vehicles cause considerable pollution and need to be fully replaced with BS VI compliant new vehicles at the earliest; within 3 to 5 years. A regulatory fiat of scrapping all these vehicles across the country would be the way forward. The phasing out would not run into resistance and become far smoother if an attractive enough price was given for trading in of the old vehicles. An efficient system for scrapping these with full traceability would also need to be put in place. Government would need to fully finance this. But the outgo of money would be sufficiently offset by the additional GST revenues from the higher sales of commercial vehicles.

Air pollution levels could conceivably be brought down to near permissible levels within five years with the use of the right regulatory and policy instruments. Subsidies should be introduced only where there is no other option. But then it should be amply provided so as to achieve the objective fully.

*The writer is former Secretary, Department of Industrial Policy and Promotion, Government of India*

# Simple ideas to transform India

ANIL AGARWAL

India is currently the largest democracy and one of the fastest-growing economies in the world. The entire world is keeping a close watch on our country as almost one billion people will cast their votes to elect a government that will be entrusted with the duties of taking the country forward, and making India an even more powerful nation in the next five years.

The average age of India's population today is 25 years and the country is known for its hard working and intellectual workforce. However, with escalating unemployment, many people, especially talented youngsters, are heading overseas for job opportunities.

Such brain drain needs to be curtailed and citizens need to be encouraged to choose careers most suitable to them. They should be provided with platforms to succeed in careers that divert them from mainstream jobs. We can take a cue from the US with its Liberal Arts universities helping about 35 per cent of the population to explore other career opportunities. This broadens the student's perspective and will lead them to a totally new career focus like paining, art, theatre, sports, and so on. Alternative career options should be encouraged through prestigious social recognition by parents and society at large.

**The growth of a start-up culture is in the right direction. Financial institutions all over the world are looking at optimum ways to deploy funds, and the most popular one is micro finance**

The growth of a start-up culture is in the right direction. The government has done a fabulous job of creating an environment conducive for start-ups. Financial institutions all over the world are looking at optimum ways to deploy funds, and the most popular one is micro finance. Providing loans of up to ₹2 lakh will provide the much-needed impetus to the common man with an Aadhaar card. They will be encouraged to come up with thousands of new ideas to deploy that money. They will become entrepreneurs and have an independent livelihood, and going forward, will create jobs instead of seeking jobs. Data clearly shows that the least bad debts arise from micro finance.

Public sector enterprises, including state-owned banks, are the backbone of India. Empowering these PSUs and PSBs and giving them a free hand to operate and take decisions will help generate employment and speed up development. These need to be provided with global funds, independent boards and minimum interference in decision making. This will raise their performance manifold and create a huge number of jobs.

India has around 650 districts which have very effective district collectors, who can be honed as business development managers in their areas, whether it is agriculture, sport, mining, education or tourism. They can develop their strategy and have the final authority once the policy decisions have been taken by the government. The responsibility will lie on them as the buck will stop with them. This structure will surely transform the country.

Traditionally, India has always been an agrarian nation with agriculture being the backbone of the economy. Massive strides have been taken on the agricultural front to make India self-sufficient in our food requirements. India is a large country which has been blessed with rich resources both over the ground as well as underground. To finance and monetarily support India's growing welfare and developmental spending, the nation needs to look "underground" towards its huge but yet untapped mineral and oil and gas resources. These yet-to-be-tapped natural resources could be tapped by PSUs or private participants and the funds thereby generated be used for various purposes.

The government needs to act strongly on the auction of raw materials for the aluminium and steel industry. India is facing a surge in import bills through imports of aluminium and iron ore, hurting the economy significantly. It has surplus capacity yet it imports over 50 per cent scrap and primary aluminium, losing $3.5 billion per annum and lakhs of jobs to other countries. A uniform import duty of 10 per cent on both scrap and primary aluminium will encourage the domestic industry and avoid dumping.

Encouragement to explore and produce natural resources in India will lead to greater self-reliance. Natural resources require processing, which will help create thousands of SMEs who will create quality products and millions of jobs. Self-reliance will also help save billions of dollars in imports, which can be ploughed back into social development.

Finally, India needs to build upon its 5000-year-old history, rich culture, monuments, museums, royal palaces, coastline, hills, deserts and places of tourist interest. These could be handled by professionals who will provide world-class maintenance, making them attractive for the global and Indian tourist. This will encourage tourism immensely and create massive job opportunities in the tourism sector.

I am sure political parties will include and address these through their manifestos for the forthcoming elections, as these are quite relevant for the nation's development. Once implemented, these ideas will lead to job creation and poverty alleviation, and will take India a step closer to the super power that it aspires to become.

*The writer is Executive Chairman, Vedanta Resources*

## OTHER VIEWS

### Big step by Lightfoot

#### Chicago elects the first black, gay woman as its mayor

In his January 2017 farewell speech in Chicago, outgoing President Barack Obama, talking about the threats facing American democracy, touched upon the toxic persistence of racism, and spoke of how "Hearts must change". In the same speech, he also said, "I've lived long enough to know that race relations are better than they were 10, or 20, or 30 years ago — you can see it not just in statistics, but in the attitudes of young Americans across the political spectrum." Now, in what seems to be an effort to pick up on the cues of the former president, Chicago has become the largest American city to elect a black woman as its mayor earlier this week. A former prosecutor, Lori Lightfoot, 56, is also the first openly gay mayor to hold office in the city. And, she defeated another African-American woman, former alderman, Toni Preckwinkle.

Obama had risen through the ranks in this territory, serving three terms in the Illinois Senate from 1997 to 2004. Lightfoot's win, in the context of contemporary American politics, goes some way towards dulling the sharp divisiveness that has marked the Trump presidency. Trump has supported an assortment of anti-gay measures. His views on women have been regressive. Lightfoot's victory is a significant electoral fightback. She is armed with an encouraging liberal legacy as well: Chicago elected its first black mayor in 1983 — Harold Washington. In 1909, the civil rights organisation, the National Association for the Advancement of Colored People (NAACP), was first established in Chicago. At her election night party, Lightfoot told the crowd, "You did more than make history. You created a movement for change". Her victory is a heartwarming moment.

*The Indian Express, April 5*

### Don't shame rape victims

#### A Court of Appeal will help Supreme Court focus on weightier matters

The Congress manifesto promising a Court of Appeal between the high courts and Supreme Court is a sensible proposal that must be top priority for the next government irrespective of the party that comes to power. Currently, Supreme Court is weighed down hearing sundry appeals, special leave petitions, and other original litigation leaving little time for constitutional matters or select cases of public importance. Constitution was the court's focus area in the initial decades since Independence. But with India's economy taking off and litigation also rising proportionately with the stakes, SC has become the final word on even routine cases like business disputes, dishonouring of contracts, and even bail matters.

Congress's proposal of a Court of Appeal "to sit in multiple benches of three judges each in six locations" can remedy the situation and also make justice accessible. The resources to travel to Delhi and engage lawyers with so-called "face value" before judges are available only to well-heeled litigants. Ultimately, even this flawed system is susceptible to breakdown if vacancies are not filled as soon as they emerge. One solution to retaining judges in the system would be to raise retirement age of HC judges to 65 and SC judges to 70. Another approach would be bottom up, by creating an All India Judicial Service. Multiple Law Commission reports have mooted a smaller Supreme Court supported by regional courts of appeal. Politicians and judges must work together to make this a reality.

*The Times of India, April 5*

### Outer clarity

#### India must make a forceful case against weaponisation of outer space

The Indian Space Research Organisation's successful April 1 launch of the PSLV-C45 rocket that placed 29 satellites in three different orbits is remarkable both for the complex set of multi-tasking the mission accomplished and for the timing. Coming three days after ISRO and the Defence Research and Development Organisation knocked out a satellite in a Low Earth Orbit with a direct hit, it would appear that the Indian space programme stands galvanised and poised for a giant leap. The dexterity with which so many satellites, most of them American, were placed in three different orbits certainly showcases both the reliability and the expertise that ISRO offers. This is not a new development. In February 2017, the PSLV-C37 placed 104 satellites, 96 of them from the U.S., in one go. Equally important, just as the February 2017 launch also placed the fifth of the Cartosat 2 series in orbit, an earth observation satellite with cameras that have a resolution of less than a metre, the PSLV-C45 placed EMISAT, which can, among other things, aid in electronic intelligence.

That is precisely why the government should articulate much more clearly the doctrinal aspects of the space programme, as well as the deterrence sought to be achieved by it. India must communicate its peaceful intentions just as it showcases its capabilities, so as to contribute to a better understanding among countries it hopes to deter and thereby reduce the chances of wrong inferences being drawn in crisis situations.

*The Hindu, April 5*

दैनिक जागरण

संवेदनहीन जीवन बड़ा ही रुखा होता है

# अफस्पा पर बहस

यह ठीक नहीं कि चुनाव के चलते राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर मसलों पर भी राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हुए हैं। बीते कुछ दिनों से कांग्रेस और भाजपा के बीच सशस्त्र बलों संबंधी अधिनियम यानी अफस्पा को लेकर जो बयानबाजी हो रही है उससे बचा जाना चाहिए था। यह बयानबाजी इसीलिए शुरू हुई, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो इस कानून की समीक्षा करेगी और कुछ मामलों में सुरक्षा बलों को इस कानूनी कवच से बाहर किया जाएगा। समझना कठिन है कि कांग्रेस को अफस्पा में खामी अभी ही क्यों दिखी? आखिर दस साल तक सत्ता में रहने के दौरान उसे इस कानून में कोई खामी क्यों नहीं दिखी या फिर वह यह कहना चाह रही है कि बीते पांच सालों में ऐसा कुछ हुआ है जिससे इस कानून में संशोधन-परिवर्तन आवश्यक हो गया है? अफस्पा आज का कानून नहीं है। इसे 1958 में तब बनाया गया था जब कांग्रेस के सामने विपक्ष की कहीं कोई गिनती नहीं होती थी। समस्या यह नहीं है कि कांग्रेस ने अफस्पा की समीक्षा की बात की। समस्या यह है कि वह यह कह रही है कि लोगों के लापता होने और प्रताड़ना एवं यौन हिंसा के मामलों में सुरक्षा बलों को अफस्पा के दायरे से बाहर किया जाएगा। क्या इसका मतलब यह है कि कांग्रेस यह मान रही है कि सुरक्षा बल लोगों को प्रताड़ित करते हैं या फिर यौन हिंसा में लिप्त रहते हैं? क्या वह इस नतीजे पर उन आरोपों के आधार पर पहुंची है जो सुरक्षा बलों पर कभी-कभार लगते हैं? कम से कम कांग्रेस के नेताओं को तो यह अच्छे से पता होना चाहिए कि अक्सर इस तरह के आरोप सुरक्षा बलों को बदनाम करने और उनका मनोबल प्रभावित करने के लिए लगाए जाते हैं।

कहीं कांग्रेस उन मानवाधिकारवादियों से तो प्रभावित नहीं जो कश्मीर में सुरक्षा बलों की सख्ती को मुद्दा बनाते रहते हैं? यह वही मानवाधिकारवादी हैं जो घाटी में पत्थरबाजों के गिरोहों और उन्हें मिल रहे राजनीतिक संरक्षण पर कुछ नहीं कहते। इस पर हैरत नहीं कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में अफस्पा की समीक्षा के वादे का घाटी के नेताओं ने स्वागत किया। अच्छा होता कि कांग्रेस केवल यहीं तक सीमित रहती कि वह सत्ता में आने पर अफस्पा की समीक्षा करेगी। किसी भी कानून की समीक्षा करने में हर्ज नहीं। सच तो यह है कि समय के साथ पुराने कानूनों की समीक्षा होनी ही चाहिए, लेकिन यह ध्यान रहे कि अफस्पा जैसे कानूनों की समीक्षा चुनावी मुद्दा नहीं बन सकता। इसी के साथ यह भी ध्यान रहे कि अगर सेना को अशांत क्षेत्रों में तैनात करना है तो उसे कुछ विशेष अधिकार देने ही होंगे। ये अधिकार क्या होने चाहिए, इस पर सैन्य अधिकारियों के दृष्टिकोण को सबसे अधिक महत्व देना होगा। यह अजीब है कि कांग्रेस ने कुछ खास मामलों को अफस्पा से बाहर करने की बात तो कह दी, लेकिन इस बारे में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी डीएस हुड्डा की राय लेना जरूरी नहीं समझा जिन्होंने उसके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक विस्तृत दृष्टिकोण पत्र तैयार किया था।

# भौगोलिक चुनौती

आम चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान के लिए अब कुछ दिन ही शेष हैं। 17वीं लोकसभा के लिए उत्तराखंड में 11 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। पैदल-पैदल पगडंडियां नाप रहे प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड रहे। बावजूद इसके कुछ इलाके ऐसे भी हैं जिन्हें मलाल है कि इस लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा होने के बाद भी कभी उनकी आवाज नहीं सुनी गई। हालांकि इसकी भी वजह है। इन गांवों तक पहुंचने के लिए सड़क से पांच से 22 किलोमीटर की दूरी पैदल ही नापनी होती है और यह किसी चुनौती से कम नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि इतने विषम भूगोल वाले इलाके में किसी भी प्रत्याशी के लिए गांव-गांव तक पहुंचना संभव भी नहीं है। यह सही है कि ग्रामीण बातचीत में इसका जिक्र करते हैं कि कभी उनके इलाके में किसी प्रत्याशी के दर्शन नहीं हुए, लेकिन हकीकत में इस दर्द में सिस्टम की उपेक्षा झलकती है। उत्तरकाशी जिले के गंगाड, ढाटमोर और लिवाडी व पिलंग जैसे गांवों के लोगों को देश के दूसरे शहरों में रह रहे अपने परिजनों से फोन पर बात करने के लिए ही सात घंटे से ज्यादा पैदल चलना पडता है। इन गांवों में 'बेटी पढ़ेगी, बेटी बढ़ेगी' जैसे नारे भी बेबस नजर आते हैं। कारण यह है कि पांचवीं अथवा आठवीं से आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें दूर भेजने में परिजन असहज महसूस करते हैं। सच तो यह है कि 21 वीं सदी में जब देश अंतरिक्ष की महाशक्ति बन चुका है, इन्हें जमीन पर भी मूलभूत सुविधाएं भी मयस्सर नहीं है। सवाल यह है कि आखिर यह नौबत क्यों आई। अविभाजित उत्तर प्रदेश में उत्तराखंड के लोगों की यही शिकायत थी कि लखनऊ में उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। वर्ष 2000 में अपना राज्य मिला तो उम्मीदें उफान पर थीं, लेकिन 18 साल में अपनों के शासन में उन्हें क्या मिला। सरकारें भले ही आती-जाती रहीं, मगर उनकी आवाज देहरादून तक भी नहीं पहुंच पाई। ग्रामीण अब तक की सभी सरकारों पर इसीलिए बरसते हैं कि आंदोलन के बाद भी उनकी आवाज किसी ने नहीं सुनी। सवाल गांवों तक प्रत्याशियों के पहुंचने का नहीं, बल्कि विकास के पहुंचने का है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले दिनों में लोकतंत्र के इन मतदाताओं की बात सुनी जाएगी और उनकी मुराद भी पूरी होगी।

# विरोधाभासी सोच का प्रदर्शन

संजय गुप्त

**आज जब हर कहीं व्यवस्था के विकेंद्रीकरण पर बल दिया जा रहा है तब कांग्रेस उसका केंद्रीकरण करना चाह रही है**

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना जो घोषणापत्र जारी किया उसे देखकर यही कहा जा सकता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी अपनी पुरानी सोच से पीछा नहीं छुड़ा पा रही है। घोषणापत्र यह तो बताता है कि कांग्रेस देश की विभिन्न समस्याओं से अच्छी तरह परिचित है और वह उनके समाधान का इरादा भी रखती है, लेकिन इसी के साथ यह भी प्रकट होता है कि वह समाधान के कोई नए और कारगर तौर-तरीके अपनाने के लिए तैयार नहीं। शायद यही कारण है कि इस घोषणापत्र के कुछ वादों पर व्यापक बहस हो रही है। बहस केवल मीडिया में ही नहीं, बल्कि जनता के बीच भी हो रही है। इसके चलते कांग्रेस यह श्रेय अवश्य ले सकती है कि उसने एक ऐसा घोषणापत्र बनाया जो जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया है। इसके बावजूद इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस अपना घोषणापत्र तभी लागू कर पाएगी जब वह अकेले दम पर सत्ता में आएगी। कांग्रेस का घोषणापत्र सहयोगी दलों के साथ मिलकर तैयार किया गया न्यूनतम साझा कार्यक्रम नहीं है। कांग्रेस के वादों में सबसे अहम है न्याय नामक योजना। चूंकि राहुल गांधी ने इस योजना का एलान घोषणापत्र जारी होने के पूर्व ही कर दिया था इसलिए उस पर पहले से ही बहस हो रही थी। घोषणापत्र सामने आने के बाद यह बहस और तेज हो गई है। शायद इसलिए और भी, क्योंकि कांग्रेस के नेता यह नहीं स्पष्ट कर पा रहे हैं कि आखिर इस योजना के लिए सालाना तीन लाख साठ हजार करोड़ रुपये का प्रबंध कहां से होगा? जहां कांग्रेस के कुछ नेता यह कह रहे हैं कि इसके लिए अमीरों पर टैक्स लगाया जाएगा वहीं कुछ कह रहे हैं कि कोई नया टैक्स लगाए बिना सबसे गरीब 20 प्रतिशत परिवारों को सालाना 72 हजार रुपये देने के लिए आवश्यक धन का प्रबंध आसानी से कर लिया जाएगा। चूंकि इसी के साथ यह भी कहा जा रहा है कि राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखा जाएगा और शिक्षा पर जीडीपी का छह प्रतिशत भी खर्च किया जाएगा इसलिए अर्थशास्त्रियों को और हैरानी हो रही है कि आखिर यह काम किया कैसे जाएगा?

समस्या केवल इतनी ही नहीं है कि कांग्रेस का घोषणापत्र तमाम विरोधाभासी बातों से भरा दिख रहा है, बल्कि यह भी है कि जिस कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरसिंह राव के नेतृत्व में नए आर्थिक सुधारों को शुरू किया वह उस समाजवादी सोच से ग्रस्त दिख रही है जिसने लोगों को गरीब बनाए रखा और देश के आर्थिक विकास को बांधे रखा। ऐसी सोच वाले घोषणापत्र पर उन मनमोहन सिंह की भी मुहर है जिन्होंने पहले वित्तमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाया। कम से कम वह तो इससे परिचित होंगे ही कि अगर सब्सिडी और रियायतों पर जोर दिया जाएगा तो राजकोषीय घाटा बढ़ेगा और इसके नतीजे में मुद्रास्फीति बढ़ेगी। मुद्रास्फीति बढ़ने का मतलब है रुपये की कीमत कम होना। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में रोजगार के सवाल को हल करने के लिए सरकारी नौकरियों पर जोर दिया है। उसका कहना है कि अगर वह सत्ता में आई तो केंद्र सरकार के सभी खाली पदों को भरने के साथ राज्य सरकारों को भी इसके लिए राजी किया जाएगा कि वे भी अपने खाली पद भरें। हैरानी यह है कि करीब 22 लाख सरकारी नौकरियों का वादा करते समय प्रशासनिक तंत्र में सुधार की कोई बात नहीं की गई है। पहला सवाल तो यही है कि आखिर केंद्र सरकार राज्य सरकारों को इसके लिए कैसे निर्देशित कर सकती है कि वे अपने सभी रिक्त पदों को भरें? ऐसा कोई निर्देश दिया जाएगा तो क्या राज्य केंद्र से अतिरिक्त धन की मांग नहीं करेंगे? क्या केंद्र सरकार इस मांग को पूरी करने में समर्थ होगी? लगता है कांग्रेस इस तथ्य से अनजान बने रहने चाहती है कि मौजूदा व्यवस्था में सरकारी नौकरियों के अधिक अवसर पैदा नहीं किए जा सकते। नौकरियों के अधिक अवसर तो उद्योगीकरण को गति देकर निजी क्षेत्र में ही पैदा किए जा सकते हैं।

सरकारी नौकरियों पर जोर देने के कांग्रेस के वादे से यह भी लगता है कि वह अभी भी बीती सदी वाली उस मानसिकता में है जब नौकरी का मतलब सरकारी नौकरी होता था। क्या कांग्रेस इससे परिचित नहीं कि सरकारी तंत्र किस तरह अकर्मण्यता से ग्रस्त है? उसे यह भी पता होना चाहिए कि अगर सब कुछ खुद सरकार करेगी तो उद्योगीकरण के साथ निजीकरण की गति थमेगी और ऐसा होने का मतलब है विदेशी निवेश की संभावनाएं कम होना। राज्यों में रिक्त पदों को भरने के वादे के साथ कांग्रेस की अन्य अनेक लोक-लुभावन घोषणाएं यही बयान करती हैं कि वह सब कुछ अपने जरिये संचालित करना चाह रही है। आज जब दुनिया भर में और यहां तक कि खुद भारत में व्यवस्था के विकेंद्रीकरण की जरूरत पर बल दिया जा रहा है तब कांग्रेस उसका केंद्रीकरण करने की सोच से ग्रस्त नजर आती है।

यह सुनने में तो अच्छा लगता है कि कृषि के लिए अलग से बजट लाया जाएगा, लेकिन यह समझना कठिन है कि आखिर कृषि के लिए अलग बजट लाने भर से किसानों की हालत कैसे सुधर जाएगी? लगता है कि कांग्रेस ने इस तथ्य को ओझल करना ही उचित समझा कि कृषि मूलतः राज्यों के अधिकार क्षेत्र वाला विषय है। लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस को कम से कम अब तो इस सोच का परित्याग करना चाहिए कि केंद्र सरकार सब कुछ कर सकती है। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि यह समय व्यवस्था के विकेंद्रीकरण का है। मोदी सरकार ने इसी पर जोर दिया है और शायद इसी कारण उन्होंने योजना आयोग को खत्म कर नीति आयोग का गठन किया। राहुल गांधी कह रहे हैं कि वह नीति आयोग खत्म कर योजना आयोग बनाएंगे। कांग्रेस का घोषणापत्र सब्सिडी और रियायतों की घोषणाओं से तो भरा पड़ा है, लेकिन इसकी कहीं कोई चर्चा नहीं कि किस मद में सब्सिडी में कटौती की जाएगी। उलटे जीएसटी का सरलीकरण करने का वादा इस तरह किया जा रहा है, मानो टैक्स और कम कर दिए जाएंगे। सत्ता में आने पर सब कुछ करने का सब्जबाग दिखाना तो ठीक है, लेकिन आखिर लोक-लुभावन वादों को पूरा करने के लिए जो धन चाहिए होगा वह कहां से आएगा? चूंकि ऐसे सवालों का कोई ठोस जवाब नहीं है इसीलिए कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना पड़ रहा है।

यह भविष्य बताएगा कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र को लागू करने की स्थिति में आ पाएगी या नहीं, लेकिन उसके वादों को भाजपा जिस तरह खारिज करने में लगी हुई है उससे यह तो कहा ही जा सकता है कि आखिरकार राहुल गांधी एक मंझे हुए राजनेता के रूप में उभरने लगे हैं। एक समय उनकी यह छवि थी कि वह राजनीति में अनमने होकर सक्रिय हैं, लेकिन उनके नेतृत्व में तैयार कांग्रेस के घोषणापत्र पर जैसी व्यापक चर्चा हो रही है उससे वह अपने राजनीतिक विरोधियों को चुनौती देने में समर्थ दिखने लगे हैं। एक तरह से इस घोषणा पत्र के बाद राहुल गांधी का कद बढ़ा हुआ दिखने लगा है, लेकिन यह कहना कठिन है कि यह बढ़ा हुआ कद उन्हें और साथ ही कांग्रेस को चुनावी लाभ भी देगा।

अवधेश राजपूत

response@jagran.com

# डाकू जी का हृदय परिवर्तन

हास्य-व्यंग्य

शैलेश त्रिपाठी

**अब डाकू जी को डाकू नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उन्होंने खुद का रूपांतरण एक समाजसेवी के रूप में कर लिया है**

कहने को तो यह कथा पुरानी है। फिर भी प्रासंगिक है। कहानी कुछ इस तरह है कि एक दिन एक श कहीं जा रहे थे। उनके मार्ग में एक घना जंगल पड़ा। जब वह जंगल में प्रवेश करने ही वाले थे तभी वहां बहुत सारे लोग भागे-भागे आए और यह कहते हुए उन्हें जंगल में आगे जाने से रोकने लगे कि वहां जंगल में एक बहुत ही खतरनाक डाकू अपना कहर बरपा रहा है जो न केवल लूटता है, बल्कि सामने वाले की अंगुली भी काट लेता है। हमें उसका नाम तो नहीं मालूम, लेकिन हम सब उसे अंगुलिमाल द्वितीय कहते हैं, क्योंकि वह कटी अंगुलियों की माला गले में पहनता है।

अब आजकल आदमी लुट जाए तो चलेगा, पर अंगुली कट जाए तो जीवन ही बर्बाद समझिए, बेचारा अपना फोन कैसे चलाएगा? लोगों की ये बातें सुनकर वह शख्स मंद-मंद मुस्कुराए और उन्होंने लोगों से उस डाकू का एक्यूरेट पता-ठिकाना, उसका बैकग्राउंड, उसकी जाति, उसके पास मौजूद असलहों, मुकदमों और गिरोह के सदस्यों की संख्या आदि के बारे में विस्तार से तफ्तीश की। इस पर लोगों ने यही बताया कि चोर, डाकू और स्नेचरों आदि हार्डकोर अपराधियों का सटीक पता, ठिकाना और लोकेशन आदि तो प्रायः महीना आदि वसूलने की पेशागत मजबूरी के कारण पुलिस के ही पास होती है, परंतु यहां से आगे इस दिशा में बढ़ने पर उस डाकू के मिलने की प्रबल आशंका है। वह महाशय उस दिशा में आगे बढ़ चले।

उन्हें टकटकी लगाए देख रहे लोग भय से कांप उठे। फिर काफी समय बीत गया, पर वह वापस नहीं लौटे तो लोगों को उनकी चिंता सताने लगी। सो वे सभी लोग इकट्ठा होकर उसी दिशा में बढ़ चले जिधर वह महोदय गए थे। रास्ते में डाकू द्वारा मारे गए लोगों के कंकालों का ढेर लगा था, पर उनका कहीं अता-पता नहीं था। तभी कुछ दूर कोलाहल सुनाई दिया। लोग उधर बढ़े तो उन्हें अद्भुत दृश्य दिखाई दिया। लोगों ने देखा कि एक सुंदर मंच सजा हुआ है और उसके आसपास जनता जुटी हुई है। लाउडस्पीकर पर मेरे देश की धरती टाइप देशभक्ति गीत बज रहे हैं। मंच पर ढेर सारी माला धारण किए हुए स्वयं वही व्यक्ति विराजमान हैं।

अंगुलिमाल द्वितीय नाम का दुर्दांत डाकू उनके चरणों में गिरा हुआ था और वह व्यक्ति उस डाकू, उसके भाई-बंधुओं और चेले-चापड़ों सहित उसे भी अपनी पार्टी में शामिल करवा रहा था। सामने कैमरे चमक रहे थे। तब वीडियो का इतना चलन नहीं था इसलिए वह नहीं बन रहा था। बना होता तो आज आप उसे देख रहे होते। डाकू जी उर्फ नवागत नेताजी ने किसी तरह पर्चा पढ़-पढ़कर वक्तव्य दिया कि भाइयों-बहनों-इलाके का बच्चा-बच्चा जानता है कि मैंने आज तक हथियार अपने लिए नही उठाया। हमेशा अपने समाज, अपनी जाति और गरीबों पर हो रहे भारी अत्याचार से निपटने के लिए ही उठाया। अंगुलियां भी मैंने केवल दुष्टजनों की ही काटी थीं और वह भी यह सोचकर कि अमीरों से टैक्स वसूल रहा हूं। भाइयों, आप तो जानते ही हैं कि टैक्स कोई आसानी से नहीं देता। खैर, मुझे अहसास हो गया कि इस तरह टैक्स लेने का काम केवल राजनीति के जरिये ही किया जाए तो ठीक है। मुझे ज्ञान मिल गया कि हमारे लोगों के हितों की सच्ची सुरक्षा केवल और केवल राजनीति की मुख्यधारा में आकर ही हो सकती है। लिहाजा मैंने 'डाकूगीरी' का धंधा छोड़कर 'नेतागीरी' करने का निश्चय किया है। आज से मेरे जीवन का एकमात्र उद्देश्य देश, जनता और अपनी पार्टी की सेवा करना है। देश और जनता की सेवा करते हुए यदि मुझे अपने प्राण भी न्योछावर करने पड़ें तो मैं यही समझूंगा कि मेरा जीवन सार्थक हो गया। इतना कहते हुए उसने अपनी एक आंख वैसे ही दबाई जैसे संसद में दबाई गई थी।

उसकी यह बात सुनते ही लोग तालियां पीटते हुए उसके ऊपर नोटों की बौछार करने लगे। जोरदार हर्ष फायरिंग की आवाज से पूरे का पूरा इलाका गूंज उठा। इस पर डाकू जी के सांभा टाइप चेले ने कहा, गुरु धंधा तो यही सही है, हम लोग झुट्टे मोस्ट वांटेड बने यहां-वहां घूम रहे थे, तुम्हारी सीट निकल जाए तो लाभ के किसी मलाईदार पद पर हमें भी मनोनीत करवा देना। तभी मंचासीन उस व्यक्ति ने डाकू जी के कान में फुसफुसा करके फलां क्षेत्र में जाकर तैयारी करने को कहा। इसके बाद उसने एलान किया कि अब डाकू जी को डाकू नहीं कहा जा सकता। उन्होंने खुद का रूपांतरण एक वरिष्ठ 'समाजसेवी' के रूप में कर लिया है। यह कथा पुरानी तो है, लेकिन बहुत पुरानी नहीं इसलिए बहुत संभव है कि इन दिनों डाकू जी आपके इलाके में ही हों और सेवा करने का मौका देने की अपील कर रहे हों।

response@jagran.com

## तथ्य-कथ्य | किस दल की कितनी महिला प्रत्याशी

(4 अप्रैल 2019 तक की स्थिति)




स्रोत : राजनीतिक दलों की प्रत्याशी सूचियां

ऊर्जा

## समाधान

समस्याएं हर मनुष्य के जीवन में उसी प्रकार आती हैं जैसे रात और दिन, परंतु जो मनुष्य समस्या के समय शांत रहकर समस्या सुलझा लेता है उसके लिए समस्या एक अनुभव मात्र होती है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि जिंदगी में समस्या होती ही नहीं, लेकिन कुछ मनुष्य मान रहे होते हैं कि उनके जीवन में समस्या है। ऐसे मनुष्य मानने भर से सोचते हैं कि वे समस्या में फंस गए हैं। इसलिए सर्वप्रथम तथ्यों के आधार पर यह विचार करना चाहिए कि समस्या है भी कि नहीं और यदि समस्या है तो उसका वास्तविक स्वरूप क्या है, क्योंकि समस्या को सुलझाने के लिए स्वरूप जानना जरूरी होता है। अक्सर देखने में आता है कि समस्या का उचित विश्लेषण न करने के कारण समस्या से ग्रस्त मनुष्य मानसिक अवसाद का शिकार हो जाता है।

समस्या को स्वयं सुलझाने के लिए मनुष्य का सबसे बड़ा सहायक उसका स्वयं का मन होता है। मन जितना शांत होगा, समस्या उतनी ही आसानी से सुलझाई भी जा सकती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि बेचैन मन कुछ भी सोच नहीं सकता। इस प्रकार की मनःस्थिति में केवल पहेलियां ही बनती रहती हैं और इससे उपजी दुविधा की स्थिति में हमें कुछ सूझता भी नहीं। अक्सर समाधान समस्या की तह में ही छिपा होता है, ऊपरी सतह पर नहीं, लेकिन हम उसे देख नहीं पाते। प्रश्न उठता है कि मन को शांत अवस्था में कैसे लाया जाए? इसके लिए ध्यान एक रामबाण औषधि है। ध्यान के द्वारा मनुष्य का मन ध्यान की अवधि में चारों तरफ भटकना बंद कर देता है। इस कारण मस्तिष्क को भी मन के ठहराव के कारण विश्राम मिल जाता है और मस्तिष्क तरोताजा होकर समस्या के बारे में अच्छी प्रकार से तथ्यों के आधार पर विचार करके उत्तर निकालता है।

इसलिए जब भी समस्या सामने आए तो मनुष्य को ध्यान जरूर करना चाहिए। ध्यान के समय समस्या को ईश्वर को सौंपकर ईश्वर की अंश आत्मा के उत्तर की प्रतीक्षा करनी चाहिए। यह अटल सत्य है कि आत्मा हर समस्या का उचित उत्तर जरूर देती है। आइए जीवन में आने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए ध्यान को अपनी दिनचर्या में शामिल करके समस्याओं का स्थायी समाधान करें।

कर्नल (रिटायर्ड) शिवदान सिंह

# पूर्वजों से जुड़ते गरीबी के तार

मुकुल व्यास

**एक शोध के अनुसार लंबे वक्त तक गरीबी का अनुभव जीन-समूह से जुड़कर कार्यप्रणाली को प्रभावित करने लगता है**

क्या मनुष्य के जीन्स पर गरीबी का प्रभाव पड़ता है? अमेरिका की नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता ऐसा सोचते हैं। उन्होंने एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों की इस धारणा को चुनौती दी है कि जीन अपरिवर्तनीय और स्थिर होते हैं। पिछले अध्ययनों में पता चला था कि मानव स्वास्थ्य और बीमारियों पर सामाजिक-आर्थिक स्थिति का प्रभाव पड़ता है। सामाजिक असमानता पूरी दुनिया में मानव आबादी को प्रभावित करती है। कम शिक्षा और कम आमदनी से हृदय रोग, मधुमेह, विभिन्न किस्म के कैंसर और संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ने का खतरा रहता है।

इसके अलावा निम्न सामाजिक-आर्थिक स्थिति ऐसी शारीरिक (फिजियोलॉजिकल) क्रियाओं से जुड़ी हुई है जो बीमारियों के पनपने में सहायक होती हैं। इनमें शरीर में क्रोनिक सूजन और इंसुलिन- प्रतिरोध जैसे रोग शामिल हैं। नए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने ऐसे प्रमाण जुटाए हैं कि गरीबी मानव जीन समूह (जीनोम) के एक बड़े हिस्से में समाहित हो सकती है। उन्होंने पता लगाया कि निम्न सामाजिक-आर्थिक स्थिति 'डीएनए मिथाइलेशन' (डीएनएएम) नामक क्रिया से जुड़ी होती है। डीएनएएम एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें विभिन्न मिथाइल रसायन डीएनए मॉलिक्यूल के साथ जुड़ जाते हैं। मिथाइलेशन जीन-क्रम को बदले बगैर किसी डीएनए हिस्से की गतिविधि को बदल सकता है। यह एक महत्वपूर्ण गैर-आनुवंशिक चिन्ह है जो 1,500 से अधिक जीन्स में 2,500 से अधिक जगहों पर जीन की अभिव्यक्ति को आकार देने की क्षमता रखता है। दूसरे शब्दों में, गरीबी जीन-समूह के करीब 10 प्रतिशत हिस्से पर अपनी छाप छोड़ती है।

इस अध्ययन के प्रमुख लेखक थॉमस मैक्डेड ने कहा कि नई रिसर्च दो कारणों से महत्वपूर्ण है। पहला, हम काफी समय से यह जानते हैं कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति का स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, लेकिन हम उन आंतरिक प्रक्रियाओं के बारे में नहीं जानते, जिनके जरिये हमारा शरीर गरीबी के अनुभवों को याद रखता है। लंबे समय तक गरीबी के अनुभव जीन-समूह में समाहित हो कर कार्यप्रणाली को प्रभावित करने लगते हैं। जीन्स की बहुत बड़ी संख्या में सामाजिक-आर्थिक स्थिति और डीएनए मिथाइलेशन के बीच संबंधों का पाया जाना सचमुच आश्चर्यजनक है। यह पैटर्न एक मैकेनिज्म को रेखांकित करता है जिसके जरिये गरीबी का विविध शारीरिक प्रणालियों और प्रक्रियाओं पर स्थायी प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं द्वारा खोजे गए जीन-स्थलों पर मिथाइलेशन के स्वास्थ्य परिणामों को निर्धारित करने के लिए अभी और अध्ययन की आवश्यकता होगी, लेकिन इनमें से अधिकांश जीनों का संबंध ऐसी प्रक्रियाओं से है जो इन्फेक्शन के प्रतिरोध, स्नायु तंत्र और अस्थि-तंत्र के विकास के साथ जुड़ी हुई हैं। मैक्डेड ने कहा कि हम इन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि डीएनए मिथाइलेशन सचमुच एक ऐसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके जरिये सामाजिक-आर्थिक स्थिति शरीर पर स्थायी रूप से आण्विक छाप छोड़ती जो जीवन में आगे चल कर स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## राजरंग

### पांचवीं मंजिल पर चार चांद

नीति आयोग किसी न किसी वजह से चर्चा में रहता है। इसकी ताजा वजह है कि आयोग की बिल्डिंग का पंचम तल। जब से पांचवीं मंजिल का कायाकल्प हुआ है आस-पास की बिल्डिंग में बैठने वाले लोग भी अक्सर इसे देखने चले आते हैं। आगंतुकों को अलग अहसास कराने का पूरा ख्याल रखा गया है। मसलन, कॉरिडोर की दीवारों पर जहां वर्टिकल गार्डन बनाए गए हैं ताकि उन्हें ऐसा महसूस हो कि वे किसी पार्क में घूम रहे हों। साथ ही बैठक कक्षों के नाम भी बिल्कुल अलग अंदाज में रखे गए हैं। एक कोने पर असम राइनोज है तो दूसरे पर बंगाल टाइगर। वहीं अन्य बैठक कक्षों के नाम भी इसी तरह के जंगली जानवरों के नाम ही रखे गए हैं। नजारा ऐसा है कि आयोग के दूसरे फ्लोर पर बैठने वाले पदाधिकारियों की भी ख्वाहिश अब यहीं बैठने की है। एक कर्मचारी ने कहा, आखिर हो भी क्यों नहीं? पांचवीं मंजिल पर चार चांद जो लग गए हैं।

### खुद पर भारी पड़ती तकनीक

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगे चुनाव आयोग के लिए इन दिनों अनचाही फोन कॉल्स ने मुसीबत खड़ी कर रखी है। अलग-अलग राज्यों में मतदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए बनाई गई मॉनिटरिंग सेल के कर्मचारियों को पिछले कुछ दिनों से अटपटे कॉल्स आ रहे हैं। जहां एक ओर हेल्पलाइन स्टाफ को चुनाव से संबंधित फोन कॉल्स के जवाब देने के ही निर्देश हैं, वहीं उनके पास ऐसी बेसिर पैर की जानकारी मांगने वाले फोन भी आ रहे हैं, जिनका चुनावी गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है। एक कॉलर ने हेल्पलाइन पर फोन करते हुए अपना मोबाइल फोन रीचार्ज करने को कहा, जबकि एक और शख्स ने अपने पड़ोस में एक दंपती के घरेलू विवाद को सुलझाने की मांग की। यहां तक कि बहुत से लोग सी विजिल एप पर सेल्फी भेज रहे हैं। वहीं, कुछ अपने घर, स्टडी रूम, लिविंग रूम और यहां तक कि क्लास रूम की तस्वीरें भेज रहे हैं। चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक हर जिले के जिलाधिकारी कार्यालय में चौबीसों घंटे चलने वाली मॉनिटरिंग सेल बनाई गई हैं जहां चुनाव या आदर्श आचार सहिंता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों को दर्ज किया जाता है। सी विजिल एप के जरिये किसी भी वैध शिकायत के दर्ज होने के 100 मिनट के अंदर कार्रवाई करनी होती है, लेकिन अब तकनीक का यह इस्तेमाल आयोग के लिए ही सिरदर्द बन रहा है।

### ईडी की रहस्यमय चुप्पी

अगस्तावेस्टलैंड घोटाले को लेकर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है, लेकिन ईडी ने इस पर रहस्यमय चुप्पी साध रखी है। ईडी ने क्रिश्चियन मिशेल के खिलाफ चार्जशीट में दावा किया कि डायरी में लिखे एपी और फैम के रहस्य से पर्दा उठ गया है कि खुद मिशेल ने एजेंसी को बताया कि एपी-अहमद पटेल हैं और फैम-फैमली है। इसके आधार पर वित्तमंत्री अरुण जेटली ने कांग्रेस पर हमला भी बोल दिया। वहीं मिशेल ने अदालत में दावा किया कि उसने किसी का नाम नहीं लिया है। ऐसे में सच्चाई सामने लाने की जिम्मेदारी ईडी की है, लेकिन ईडी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जब मिशेल ने किसी का नाम नहीं लिया तो ईडी ने किस आधार अपनी चार्जशीट में यह दावा किया है। चुनावी सरगर्मी के बीच मचे राजनीतिक घमासान के बीच मीडिया के लोग बेसब्री के साथ ईडी में इन सवालों का जवाब ढूंढते देखे गए, लेकिन ईडी का कोई भी अधिकारी मुंह खोलने के लिए तैयार नहीं दिखा। ईडी की चुप्पी से घोटाले की जांच का रहस्य और भी गहरा गया है।

### दुविधा में घिरे यूपी के कांग्रेसी

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी में निचले स्तर पर दुविधा चरम पर पहुंच गई है। खासतौर पर दूसरे और तीसरे दर्जे के नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि कौन सी पार्टी के खिलाफ बोलना है और कितना बोलना है। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की तरफ से मिल रहे संकेतों से भी कार्यकर्ता यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि पार्टी 2019 के चुनाव को लेकर प्रदेश में कितनी गंभीर है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से इस तरह के संकेत भेजे जा रहे हैं कि पार्टी 2019 के लिए नहीं, बल्कि 2022 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। ऐसे में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और छोटे नेताओं को समझ नहीं आ रहा है कि इन चुनावों में कितनी मेहनत की जाए।

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 23359961-62, नोएडा कार्यालय : 0120-3915800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।

दूसरी नज़र

■ पी चिदंबरम

# घोषणापत्र से बौखलाई भाजपा

चौवन पेज के दस्तावेज ने कबूतरों के बीच बिल्ली छोड़ दी है। छप्पन इंच सीने वाली शेखी को अगर नजरअंदाज कर दीजिए तो यह भाजपा कबूतरों का झुंड है, और 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी होने के बाद भाजपा जिस तरह से बौखला गई है उसने यह साबित भी कर दिया है।

आमतौर पर चुनावी घोषणापत्र की चर्चा बहुत कम समय ही होती है। दो अप्रैल को कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र जारी होने के कुछ ही मिनटों में सुर्खियां बन गया था, लेकिन साथ ही जैसे-जैसे हरेक घंटा गुजरता गया, यह एक नया आयाम हासिल करता गया। दिन खत्म होने तक और निश्चित रूप से पांच अप्रैल तक घोषणापत्र के प्रमुख वादे हर शहर, कस्बे और यहां तक कि गांवों जो शहरी इलाकों के करीब हैं, तक पहुंच चुके थे। मुझे पक्का भरोसा है कि घोषणापत्र के प्रमुख वादों को टेलीविजन और चुनाव प्रचार अभियान में लगे लोग अगले कुछ दिनों में सब तरफ पहुंचा देंगे। यह संदेश इतना शक्तिशाली संदेश है कि आम लोगों में इसकी चर्चा होनी ही है।

आखिर कांग्रेस के इस चुनावी घोषणापत्र में ऐसा अलग क्या है, जिसने इसे कुछ ही घंटों के भीतर शहरों से लेकर गांव तक में चर्चा में ला दिया? इसका जवाब है कि कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र लोगों की आवाज है। मैं पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि इसका हर विचार या वादा भारत के नागरिकों का सुझाया है, जो लिखित में भी मिले और देश भर में एक सौ चौहत्तर जगहों पर किए गए विमर्श में सामने आए। इसे तैयार करने वालों ने स्पष्ट भाषा में मिले इन विचारों को बहुत ही आसान वाक्यों में लिख डाला।

## बौखलाई भाजपा

सामान्य तौर पर यह सत्तारूढ़ पार्टी का घोषणापत्र है, जिसका कि विपक्षी दल विरोध करते हैं। हाल के समय में मुझे एक भी ऐसा मौका याद नहीं पड़ता जब सत्तारूढ़ दल ने किसी विपक्षी दल के घोषणापत्र को लेकर इस तरह से जोरदार हमला बोला हो। इससे तो यह सवाल उठता है कि आखिर ऐसा क्यों?

मैं कुछ बातों के बारे में सोच सकता हूं जिनसे भाजपा बौखलाई होगी। सबसे पहले तो रोजगार का वादा। इस समय बेरोजगारी की दर पिछले पैंतालीस साल में अपने उच्चतम स्तर 6.1 फीसद पर है। इसके स्पष्ट और तत्काल समाधान थे, लेकिन श्री मोदी ने स्पष्ट समाधान की अनदेखी करते हुए हर साल दो करोड़ रोजगार पैदा करने का वादा किया। बदले में यह वादा भाजपा के गले की हड्डी बन गया। रोजगार सृजन के बजाय भाजपा सरकार ने नोटबंदी और खामियों भरा जीएसटी लागू कर-के रोजगार ही खत्म कर डाले। एनएसएसओ की आधिकारिक रिपोर्ट बताती है कि चार करोड़ सत्तर लाख रोजगार खत्म हो गए। कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में उन स्पष्ट उपायों की पहचान की गई है जिनसे बड़ी संख्या में बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सके। इसका एक आसान तरीका यही है कि सरकार में खाली पड़े सारे पद भरे जाएं। इससे करीब चौबीस लाख नौजवानों को काम मिल जाएगा।

अगला, कृषि क्षेत्र की हालत दुरुस्त करने के लिए घोषणापत्र में कांग्रेस ने साहसी दृष्टिकोण अपनाया है। जैसा कि किसान कर्ज माफी के विचार का भाजपा ने उपहास किया था, कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में बकाया कृषि कर्ज माफ करने का एलान किया गया है। यह ध्यान देने योग्य है कि जहां भाजपा ने दिवालिया कंपनियों के करीब 84,585 करोड़ रुपए के कर्ज माफ कर दिए थे, कांग्रेस ने किसान कर्जमाफी को न्योचित ठहराया। घोषणापत्र में दो और वादे हैं जो किसानों के हितों से जुड़े हैं- किसानों के लिए अलग बजट और बकाया कर्ज नहीं चुका पाने वाले किसानों पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं करने की बात। घोषणापत्र में कृषि विस्तार सेवाओं की वापसी का भी वादा है। इसके अलावा कृषि उपज बाजार कानून को रद्द कर इसकी जगह आवश्यक वस्तु अधिनियम लाना और देश के हर जिले में एक कृषि कॉलेज खोलने और पशु चिकित्सा विज्ञान कॉलेज खोलने का वादा भी है।

## शर्माना क्या

कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में संवेदनशील मुद्दों के समाधान को लेकर शर्म से भागने की कोई बात नहीं है। इसमें महिला आरक्षण बिल पास कराने और सभी सरकारी पदों में एक-तिहाई पदों पर महिलाओं को भर्ती करने का वादा किया गया है। घोषणापत्र में एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लिए समान अवसर आयोग बनाने और निजी उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षण के लिए सकारात्मक प्रयास करने का वादा किया गया है। घोषणापत्र में वरिष्ठ नागरिकों, धार्मिक अल्पसंख्यकों, दिव्यांगों और एलजीबीटी समुदाय के लिए भी कई वादे किए गए हैं। घोषणापत्र को पढ़ने के बाद हर वर्ग अपने को इसमें शामिल पाएगा।

कांग्रेस के घोषणापत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, विदेश नीति जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है और जिन नीतियों में भाजपा नाकाम रही है, उसे चुनौती दी गई है। जब श्री जेटली ने सवाल उठाए, कांग्रेस ने तथ्यों के साथ पलट कर उनका जवाब दिया और साथ में सवाल भी दागे। घुसपैठ की कोशिशों की संख्या क्यों बढ़ी, जम्मू-कश्मीर में घुसपैठियों और हताहतों की संख्या में इजाफा क्यों हुआ? 2015 में त्रिपुरा से, 2018 में मेघालय से और एक अप्रैल, 2019 को अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों से अफस्पा क्यों हटा लिया गया? क्या भाजपा जबरन लोगों के गायब हो जाने, यौन हिंसा और यातनाओं का समर्थन कर रही है? जब संसद ने भारत रक्षा कानून और गैरकानूनी गतिविधियां (निरोधक) कानून बना रखा है तो फिर औपनिवेशिक काल के प्रावधान धारा 124 ए (राजद्रोह) को लागू करने की जरूरत क्यों पड़ी?

यह तो साफ है कि कांग्रेस अपनी लड़ने की क्षमता को फिर से पहचान चुकी है और भाजपा से टक्कर लेने की इच्छुक है। मैं बहस का स्वागत करता हूं, लेकिन मैं इस बात से बहुत ही निराश हूं कि प्रधानमंत्री के भाषण दिनों-दिन कटु होते जा रहे हैं।

## विचारों की लड़ाई

भाजपा ने अभी तक अपना घोषणापत्र जारी नहीं किया है। पहले चरण का मतदान ग्यारह अप्रैल को है, रविवार से चार दिन बाद। मुझे संदेह है कि कांग्रेस के घोषणापत्र के जवाब में भाजपा अपने घोषणापत्र को फिर से तैयार करने में लगी है। यह अच्छा है। भाजपा अब तक विचारों के युद्ध में उलझी रही है, वह उग्र-राष्ट्रवाद और गाली में भरोसा रखती है। अगर भाजपा अपने प्रचार अभियान को विचार और तर्कों पर ले आती है तो मैं इसका स्वागत करूंगा।

मैं कई चरणों वाले मतदान के विचार का समर्थक नहीं हूं, लेकिन जो माहौल है, उसमें संभवतः इससे बचना मुश्किल है। चुनाव के चरणों के बीच मीडिया को तटस्थ रह कर रिपोर्टिंग करनी चाहिए और चुनाव आयोग को बिना किसी भेदभाव के नियमों लागू करना चाहिए। बाकी तो भारत के लोगों को देखना है।

# भैंस के गले की घंटी

तीरंदाज

■ अश्विनी भटनागर

पिछले दिनों एक गुनगुनी सुबह चुनाव की सरगर्मी देखने निकल पड़े। पर घर से निकलते ही, कुछ दूर चलते ही, राजमार्ग पर एक मोड़ आ गया, जिससे गांव की तरफ एक पतली सी, मुरझाई हुई सड़क जा रही थी। गाड़ी उधर ही मुड़वा दी। सड़क पर टायर पड़ते ही पता लग गया कि गांव की पंचायत और सरकारी जूनियर इंजीनियर साहब लोगों के बीच अच्छी साठगांठ है। शाम को समिति की बैठक में उनके बीच खूब हंसी-ठट्ठा होता होगा।

सड़क के दोनों तरफ सब्जी के खेत थे। एकदम ताजी सब्जियां लहलहा रही थीं। मन हुआ कि कुछ उखाड़ लें। सुबह का समय था, सो चौकीदार रात भर सोने के बाद भोर अंधेरे शायद मैदान पानी करने चला गया था। दूर-दूर तक सन्नाटा था। हां, कहीं झुरमुट से दो कुत्तों के भौंकने की आवाज जरूर आ रही थी। पर उनकी क्या परवाह थी? पालतू थे। जरा-सा पुचकारते तो वे दुम हिला देते।

'जो उखाड़ना है, उखाड़ लीजिए। मौका अच्छा है।' हमारे हमसफर, वरिष्ठ सहयोगी ने उकसाया।

पर हम सब्जबाग देखने में इतने मशगूल हो गए थे कि कुछ उखाड़ नहीं पाए। सोचते ही रह गए। हमारी अकर्मण्यता की वजह से चौकीदार बदनाम होने से बच गया। अब उसे चौकीदार ही चोर है की लानत नहीं उठानी पड़ेगी।

चुनाव देखने निकले थे, सो चायवाले से मुलाकत तो लाजमी थी। सुबह का समय भी था। पेट में गुबार उठ रहा था। चाय पर चर्चा से उसके निकलने की प्रबल संभावना थी। वैसे भी, चायवाले की प्रभुत्ता हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की वैदिक काल से रीढ़ रही है। ऐसा शास्त्रों में लिखा है। आदि पत्रकार नारद मुनि भी ब्रह्मज्ञान पाने के लिए चायवाले के पास ही जाते थे।

चायवाले की भट्ठी पर चाय तो उबल रही थी, पर वह उससे मुंह मोड़े देवी-देवताओं को नमो नमो कर रहा था। शायद चौकीदार ही चायवाला था, जो रात भर प्रहरी की नींद सोने के बाद, सुबह आनन-फानन अपनी असली दुकान खोलने में लगा था। थोड़ा लेट हो गया था, पर उसे परवाह नहीं थी। उसके ग्राहक पक्के थे। शायद इसीलिए कई सारे ग्राहक मुंह बाए चाय का इंतजार तो जरूर कर रहे थे, पर आश्वस्त थे कि जैसे ही चायवाले की कृपा हुई, अच्छे दिनों की पिछली कड़ी आज की कड़ी से जुड़ जाएगी।

'हां भई, क्या चल रहा है यहां?' हमारे उत्साही सहयोगी ने चुनावी नब्ज टटोलने के लिए अपनी उंगलियों को हवा में लहराया। वे चुनाव अनंत काल से कवर करते आए हैं और उनका कहना है कि सारा चुनाव चाय की दुकान तक ही सीमित होता है। वे कहते हैं कि क्या है कि अंग्रेज तो चले गए, पर चायवाला छोड़ गए थे। सूट-बूट की सरकार जो चलवानी थी उनको। बड़े चालू थे। सारा दोष नेहरू का है। खुद तो अचकन पहनते थे, पर जैकेट और सूट औरों को सिलवा गए। ठीक अंग्रेजों की तरह वे 'एंटी नेशनल' थे, राष्ट्रवादी नहीं थे।

'क्या आप राष्ट्रवादी हैं?' हमने चायवाले से पूछा।

'हां, सौ फीसद।' उसने अपना भरा-पूरा सीना ठोक कर कहा। 'राष्ट्रवाद मेरी रग-रग में वैसे ही लहरें मारता है जैसे गंगा मैया अस्सी घाट पर सावन में हिलोरें लेती हैं। भारत माता की जय!' उसने तुरंत नारा लगाया।

हमने औरों की तरफ देखा। 'आप लोग भी राष्ट्रवादी हैं?' पास बैठे कुछ लोगों ने गाय माफिक सिर हिला दिया। शायद हम जैसे शहर से आए सूट-बूट टाइप के सरकारी सांड़ों से सींग लड़ाना नहीं चाहते थे।

पर अचानक दूर बेंच से आवाज आई। 'मैं राष्ट्रवादी नहीं हूं।'

हम चौंक गए। 'तो क्या हैं?'

'देशभक्त।' उसने पास आकर कहा।

'एक ही बात हुई न?' हमारे सहयोगी जी ने कहा।

'नहीं।' उसने तापक से कहा।

'क्या फर्क है दोनों में?'

'बहुत बड़ा फर्क है, जो मैं गांव वालों को समझाता रहता हूं।

'मतलब?'

'सर, मैं इस गांव में शिक्षक हूं और मैं इन्हें समझाता हूं कि राष्ट्रभक्ति सहज प्राकृतिक होती है। हममें से कौन ऐसा है, जिसे अपनी मिट्टी से प्यार नहीं है? हम सब एक ही मिट्टी की अलग-अलग पौध हैं, एक जंगल की माफिक। कोई पेड़ है, तो कोई उस पर चढ़ी बेल है। सब मिलेजुले हैं। देशभक्त इस जंगल को पूजता है, जो अपने आप उगा है, रोपा नहीं गया है।

> 'साहब', उसने मुस्कुरा कर कहा, 'चोर हमें नारों की घंटी सुना कर असली मुद्दों को कभी का गायब कर चुके हैं। हमारी भैंस तो गई- अब क्या राष्ट्रवाद और क्या विकास। बस, घंटी बजा रहे हैं और आरती गा रहे हैं।'

पर जब देशभक्ति से राष्ट्रवाद की तरफ हम जाते हैं तो मिट्टी के दुलार से उपजा जंगल कट जाता है। राष्ट्रवाद अलग-अलग खेत बना देता है। एक तरह की पौध एक तरफ, तो दूसरी दूसरी तरफ। बीच में बंटवारे की मेढ़। गेहूं ज्यादा बोना है, बाजरा कम। चौलाई तो उखाड़ ही फेंकनी है, क्योंकि साहब लोगों को बिलकुल पसंद नहीं है। सर, देशभक्ति खुद-ब-खुद उत्पन्न होती है, जबकि राष्ट्रवाद फसल पाने के लिए बोया जाता है। मैं अपनी बुआई नहीं चाहता हूं। स्वछंद जंगल बना रहना चाहता हूं। इसीलिए मैं राष्ट्रवादी नहीं हूं। ज्यादातर लोग देशभक्ति और राष्ट्रवाद को एक ही समझते हैं और उनको जानबूझ कर कन्फ्यूज भी किया जाता है। मैं इन्हें अकसर कहता हूं- अपना जंगल संभालो। राष्ट्रवाद उसे काटे लिए जा रहा है।'

नवयुवक शिक्षक की बात सुन कर हम सन्नाटे में आ गए। चाय भी खत्म हो चुकी थी। चायवाला अब पकौड़ी तलने की तैयारी में लग गया था। हम लोग गाड़ी की तरफ बढ़ने लगे। एक प्रौढ़ साथ में हो गया। 'साहब', उसने धीरे से कहा, 'गांव में जब चोर भैंस चुराने आते हैं, तो सबसे पहले उसके गले में बंधी घंटी उतारते हैं। फिर भैंस लेकर एक चोर पूरब दिशा में भाग जाता है। दूसरा घंटी बजाता पश्चिम दिशा में भागता है। जाग होने पर लोग समझते हैं कि चोर पश्चिम की ओर भैंस के साथ भाग रहा है, क्योंकि घंटी की आवाज उधर से ही आ रही है। जब वे उधर दौड़ते हैं तो उनके हाथ फेंकी हुई घंटी लगती है। भैंस निकल चुकी होती है।'

'साहब', उसने मुस्कुरा कर कहा, 'चोर हमें नारों की घंटी सुना कर असली मुद्दों को कभी का गायब कर चुके हैं। हमारी भैंस तो गई- अब क्या राष्ट्रवाद और क्या विकास। बस, घंटी बजा रहे हैं और आरती गा रहे हैं।'

# सियासी विरासत, सामंती अहंकार

वक़्त की नब्ज़

■ तवलीन सिंह

कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र जिस दिन राहुल गांधी पेश कर रहे थे पिछले हफ्ते, मैं दूर किसी गांव में थी, लेकिन गांव में टीवी था, तो मैंने ध्यान से पूरा समारोह देखा। बहुत ध्यान से मैंने कांग्रेस अध्यक्ष का भाषण सुना। सुनने के बाद ऐसा लगा जैसे मैंने किसी राजा का भाषण सुना हो, जिसमें वे अपनी दरियादिली दिखाने के वास्ते अपनी प्रजा को दान कर रहे हों कई सारी नेमतें। रोजगार, नगद पैसा, स्कूल, स्वास्थ्य सेवाएं और किसानों के लिए और भी बहुत कुछ। एक अलग किसानों का बजट और यह वादा भी कि अगर कोई किसान अपना कर्ज लौटा न सके, तो उसको अपराध नहीं माना जाएगा कांग्रेस का दौर वापस जब आएगा।

अध्यक्ष महाराज का ध्यान उस दिन खासतौर पर अपनी प्रजा के उस वर्ग पर आकर्षित था, जो गरीबों में सबसे गरीब माने जाते हैं। उनके लिए यह नारा था : गरीबी पर वार, बहत्तर हजार। ऐसे बोले कांग्रेस अध्यक्ष जैसे कि यह रकम अपनी जेब से निकाल कर सीधा गरीबों को दे रहे हों। लेकिन ऐसा तो है नहीं। यह पैसा इस देश के उन मुट्ठीभर लोगों का है, जो ईमानदारी से कर देते हैं सरकार को। जिस दिन न्याय (न्यूनतम आय योजना) लागू होगी, इन करदाताओं के टैक्स बढ़ जाएंगे, क्योंकि कहीं न कहीं से लाना होंगे वे तीन सौ साठ लाख करोड़ रुपए, जिसके बिना न्याय असंभव है।

राहुल में लेकिन गरूर इतना था कि उन्होंने ध्यान ही नहीं दिया इस बात पर। बस वादे सुनाते गए, सुंदर सपने दिखाते गए जैसे यह सब वे अपने निजी बल पर कर सकते हों। बिल्कुल ऐसा कभी किया करते थे राजे-महाराजे। सो, इस दृश्य को देख कर मुझे याद आया कि मैं वंशवाद का इतना विरोध क्यों करती हूं। याद आया कि भारत के लोकतंत्र को किस तरह इस 'समाजवादी' सामंतवाद ने खोखला कर दिया है।

इतना खोखला हो गया है हमारा लोकतंत्र कि हमारे तकरीबन सारे राजनीतिक दल अब विरासत में देते हैं राजनेता अपने वारिसों को। पूरी सूची पेश करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आप गूगल करके देख सकते हैं कि किस तरह कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हर राज्य में अब एक किस्म का सामंतवाद आ चुका है। सामंतवाद की समस्या है कि उसके आने से वारिसों को इतना घमंडी बना देता है कि उनको लगने लगता है कि राज करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। ऐसी भावना राहुल गांधी में जाहिर ज्यादा ही होगी, क्योंकि जहां बाकी वारिस सिर्फ एक राज्य चलाने की उम्मीद रखते हैं, राहुल गांधी तो भारत चलाने की उम्मीद रखते हैं।

> क्या इन सामंतवादी तरीकों पर सवाल नहीं उठाने चाहिए? क्या उन वारिसों को अस्वीकार करने का साहस नहीं दिखाना चाहिए, जो जनता की सेवा के बहाने सिर्फ अपनी और अपने परिवार की सेवा करते आए हैं?

सो, जबसे एक चायवाले ने उनसे उनका वह अधिकार छीन लिया है, जो वे अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानते हैं, तबसे जब भी राहुल गांधी मोदी के सामने पेश आए हैं, तो उन्होंने इतना घमंड दिखाया है कि प्रधानमंत्री पद की गरिमा को भी भूल गए हैं कई बार। पहली बार ऐसा पेश आए लोकसभा के अंदर, जब उन्होंने भाजपा सांसदों की तरफ इशारा करते हुए कहा 'आपका प्रधानमंत्री'। हंगामा मच गया, जिसमें ऊंची आवाजों में सांसदों ने याद दिलाया राहुल गांधी को कि प्रधानमंत्री देश के होते हैं, किसी विशेष दल के नहीं।

राजा राहुल कहां सुनने वाले थे यह बात, सो जब भी मोदी के सामने आए, उन्होंने स्पष्ट किया कि वे उनकी जरा भी कद्र नहीं करते हैं। अपने भाषणों में इस बात को और भी ज्यादा स्पष्ट किया राजनीतिक भाषा की सारी मर्यादाएं तोड़ कर। सो, कभी मोदी को चोर कहते हैं, तो कभी उनको झूठा कहते हैं। मोदी की कद्र उन्होंने तब भी नहीं की, जब बालाकोट के हमले के बाद उन्होंने वायु सेना को बधाई दी, लेकिन मोदी की हिम्मत को नहीं। क्या वायु सेना पाकिस्तान के अंदर घुस कर हमला कर सकती थी बिना प्रधानमंत्री की इजाजत के?

इतनी मगरूरी से पेश आने लगे हैं कांग्रेस अध्यक्ष जैसे वे अभी से बन गए हों भारत के न सिर्फ प्रधानमंत्री, बल्कि सम्राट। ऐसा क्यों न हो, जब स्वतंत्र भारत के सत्तर वर्ष के इतिहास में से उनके परिवार का राज रहा है पचपन वर्षों का? जहां भी सामंतवाद कायम हो जाता है- चाहे वह समाजवाद के भेस में ही क्यों न हो- वहां प्रजा इतनी दब जाती है कि राजा साहब की कोई भी ज्यादती सह लेती है चुप करके। सो, हमारे लोकतांत्रिक भारत में मतदाता सहते हैं चुप करके यह भी कि उनके प्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद आलीशान कोठियों में रहते हैं, विदेशों में छुट्टियां मनाने, इलाज करवाने जाते हैं जनता के पैसों से, और अपने बच्चों को प्राइवट स्कूलों में भेजते हैं, क्योंकि जानते हैं कि जो स्कूल और कॉलेज उन्होंने जनता के लिए बनाए हैं, वे बिलकुल बेकार हैं।

चुनाव के इस मौसम में क्या हमको इन चीजों के बारे में सोचना नहीं चाहिए? क्या इन सामंतवादी तरीकों पर सवाल नहीं उठाने चाहिए? क्या उन वारिसों को अस्वीकार करने का साहस नहीं दिखाना चाहिए, जो जनता की सेवा के बहाने सिर्फ अपनी और अपने परिवार की सेवा करते आए हैं? यह काम वास्तव में हम पत्रकारों का है, लेकिन हम कांग्रेस पार्टी का साथ हमेशा देते आए हैं, क्योंकि हम अपने आप को 'सेक्युलरिज्म' के ठेकेदार मानते हैं। मोदी ने गोरक्षकों को खुली छूट देकर शायद अपने शासनकाल की सबसे बड़ी गलती की, क्योंकि ऐसा करके साबित कर दिया कि वास्तव में कांग्रेस के दौर सेक्युलर रहे हैं और उनका दौर पूरी तरह सांप्रदायिक।

सवाल है कि अगर यह बात सच भी हो, तो क्या हमारा फर्ज नहीं बनता है सेक्युलर दलों की सामंतवादी आदतों की तरफ ध्यान दिलाना? इस फर्ज को हमने नहीं निभाया है। सो, आज राहुल गांधी इतना घमंड दिखाते हैं जैसे वे चुनाव जीतने नहीं निकले हैं, अपना जन्मसिद्ध अधिकार वापस लेने आए हैं।

# जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा

बारबर

■ सुधीश पचौरी

सबसे मनोरंजक दृश्य तब दिखते हैं, जब गरमी की इस तपन में कोई नामी-गिरामी नेता वोट खींचने की खातिर साक्षात जनता के बीच जाता है। इस सप्ताह ऐसे तीन दृश्य दिखे।

एक दृश्य में हेमा मालिनी मथुरा के पास के एक गांव के गेहूं के एक खेत में जाकर गेहूं की बालें काटती दिखीं! साथ में उनके समर्थक-सहायक खड़े रहे! बड़ी मेहनत से उन्होंने एक हंसिया से गेहूं की कुछ बालें काटीं। फिर एक हाथ में कुछ बालें और दूसरे में हंसिया लिए जब उन्होंने कैमरे के आगे गेहूं काटने वाली का 'पोज' दिया, तो हमें तो 'मदर इंडिया' की नरगिस की तरह नजर आईं!

चुनाव जो न कराए थोड़ा! जनता से 'जुड़ने' के लिए नेताओं को क्या-क्या पापड़ नहीं बेलने पड़ते! चाहे कुछ देर के लिए सही, 'वोट' की खातिर बड़े-बड़े सितारों को जमीन पर उतरना पड़ता है!

ऐसी ही चिलचिलाती गरमी में प्रियंका गांधी ने एक रोड शो गाजियाबाद में दिया! अच्छी भीड़ जुटी दिखी। गाड़ी रूपी रथ के ऊपर खड़ी प्रियंका गांधी सड़क के आजू-बाजू खड़ी जनता का हाथ जोड़ और मुस्करा कर अभिनंदन करती आशीर्वाद लेती दिखती थीं। एक चौराहे पर तो वे लोगों के सवालों का जवाब वहीं की वहीं देने लगीं। लोग बीच-बीच में टोकते जाते थे, लेकिन वे बिना रुके जवाब देती जाती थीं! साथ में प्रत्याशी डॉली शर्मा सबको नमन करती दिखती थीं।

तीसरा शो दिया जयाप्रदा ने! वे अपने समर्थकों के साथ एक मंच से रैली को संबोधित कर रही थीं। एकदम साफ-सुथरी हिंदी में उन्होंने बताया कि जब वे सांसद थीं, तो उन्होंने रामपुर की जनता के कितने काम किए। उसके बाद उन्होंने अपना पल्लू आगे कर जनता से वोट का आशीर्वाद भी मांगा! अगर आजू-बाजू समर्थकों का हो-हल्ला न होता, तो सीन और भी 'पिक्चर परफेक्ट' होता!

लेकिन, चुनावों के मौसम में 'अनुमान की राजनीति' सड़क की राजनीति से हर हाल में अधिक दिलचस्प होती है। आप चैनलों के स्टूडियो के वातानुकूलित वातावरण में बैठ कर एक से एक मनपसंद आंकड़े उछाल सकते हैं और उनको उचित ठहराने वाले तर्क जुटा सकते हैं।

सड़क की गरमी और शोर-शराबे से मुक्त स्टूडियों में एकदम 'अविवारित रमणीय' का-सा मजा मिलता है।

कई चैनल, उनके एंकर-रिपोर्टर और चुनाव विश्लेषक चुनाव परिणामों के बारे में अपने-अपने अनुमानों को बेहद सावधानी के साथ प्रस्तुत करते दिखते हैं, उनके लिए जरूरी तर्क जुटाते हैं, आंकड़ों का विश्लेषण करते दिखते हैं!

ऐसे कार्यक्रम देख कर हमें तो 'मनमोदक' खाने जैसा मजा आता है! जब तक परिणाम नहीं आते, तब तक जितना बड़ा लड्डू चाहो, बनाओ और खाओ-खिलाओ! नो टैक्स!

> 'जनता के मूड' को इन दिनों सब जानना चाहते हैं और अपनी जनता है कि दिल की बात कभी बताती ही नहीं। उसके मूड को टटोलने के लिए चैनल तरह-तरह की कवायद करते हैं।

एक शाम एनडीटीवी पर गहन विचार चल रहा था कि आने वाले दिनों में किसको कितनी सीटें मिलने वाली हैं? कांग्रेस के प्रवक्ता रोहन गुप्ता कहते हैं कि कांग्रेस को इस बार एक सौ अस्सी सीटें मिलने वाली हैं। स्मिता गुप्ता कहती हैं कि भाजपा को एक सौ अस्सी से दो सौ तक मिल सकती हैं, लेकिन जेडीयू के अजय आलोक कहते हैं कि एनडीए को साढ़े तीन सौ सीटें मिलनी हैं। सबका अपना-अपना अनुमान है। सबके अपने-अपने 'मनमोदक'!

'जनता के मूड' को इन दिनों सब जानना चाहते हैं और अपनी जनता है कि दिल की बात कभी बताती ही नहीं। उसके मूड को टटोलने के लिए चैनल तरह-तरह की कवायद करते हैं।

कुछ हिंदी चैनल संसदीय क्षेत्रों में जाकर दलों, स्थानीय प्रतिनिधियों और 'जनता' को जुटा कर प्रतिक्रियाओं को लाइव दिखाते हैं, ताकि बता सकें कि अमुक शहर की जनता का मूड किधर है?

ऐसे शो अक्सर शोर-शराबे और तू-तू मैं-मैं में निपट जाते हैं। एंकरों का अधिकतर समय लोगों को 'शांत' करने में निकल जाता है। यहां कोई किसी से हारता नजर नहीं आता।

लेकिन इंडिया टुडे का 'स्टॉक एक्सचेज' आंकड़ों के बिना बात नहीं करता। इस बार का प्रसारित 'ट्रेकर' करीब पौने दो लाख लोगों के साथ 'फोन' पर 'जनमत संग्रह' से बना था।

यों फोन से डाटा लेना एक बात है, व्यक्ति से आमने-सामने बात करना दूसरी बात, फिर भी फोन से लिया यह नया डाटा भी कम दिलचस्प न था!

नए 'ट्रेकर' ने बताया कि बालाकोट का मुद्दा अब बहुत कम प्रतिशत लोगों के लिए बड़ा मुद्दा रह गया है। उसके बरक्स रोजगार और विकास के मुद्दे ही प्रमुख हो गए हैं!

मगर लोकप्रियता के आंकड़े बताते हैं कि तिरपन प्रतिशत लोग पीएम को ही दोबारा पीएम के रूप में चाहते हैं, जबकि विपक्ष के नेता राहुल को पसंद करने वाले पैंतीस प्रतिशत हैं! दक्षिण में राहुल अधिक लोकप्रिय हैं, जबकि उत्तर में लोकप्रियता की दृष्टि से पीएम बहुत आगे हैं।

यही सर्वे अगर फोन पर न होकर आमने-सामने किया जाता तो आंकड़े कुछ और अधिक भरोसेमंद होते। कारण कि फोन पर बोलने वाले के दिल की बात सामने नहीं आती, जबकि आमने-सामने होने से किसी के दिल की बात छिप नहीं पाती। फिर एक सच तो कहता ही है यह 'पोल ट्रेकर'!

कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि राहुल, सोनिया, मनमोहन, चिदंबरम आदि सभी बड़े-बड़े नेताओं की उपस्थिति में रिलीज किया गया लंबा-चौड़ा घोषणापत्र भी कोई धमाकेदार खबर न बना सका। हां, उसका शीर्षक 'हम निभाएंगे' जरूर कुछ काव्यात्मक नजर आया! एकदम एनजीओ छाप ठाठ! हमें तो इसमें पुराने गीत 'जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा' और फैज के 'हम देखेंगे' के रिमिक्स का मजा मिला!

सेना के शौर्य व वीरता पर सवाल उठानेवाले राष्ट्र विरोधी शक्तियों को बैलेट से जवाब देने की जरूरत है. क्योंकि राष्ट्र विरोधी सोच रखनेवाले कांग्रेस, झामुमो, राजद जैसे दल सेना की वीरता पर सवाल उठाते हुए सबूत मांग रहे थे. **रघुवर दास,** मुख्यमंत्री

2019 का चुनाव देश की दिशा व दशा तय करेगा. क्योंकि आज संवैधानिक संस्था संकट में है. संविधान के साथ छेड़छाड़ की जा रही है. आरक्षण को समाप्त करने की साजिश चल रही है. लोकतंत्र खतरे में है. **तेजस्वी यादव,** राजद.

## गप्पू चचा

### झोला टांगने वाले नेता जी लगे किनारे, मैडम को मिला टिकट

**रांची.** गप्पू चचा को अब चैन मिला. रांची, चतरा, कोडरमा की घोषणा आखिर भाजपा ने कर ही दी. कांग्रेस भी चतरा और रांची में पहले ही घोषणा कर चुकी है. कोडरमा से बाबूलाल लड़ेंगे. यानी सीन अब साफ हो गया है. गप्पू चचा रात-रात तक जगे रहते थे कि पता नहीं कब घोषणा कर दे. अब दिन में घोषणा हो गयी. अब गप्पू चचा गिरिनाथ को लेके परेशान हैं. उ बेचारा न ऐने का रहा, न उने का. राजद से भी बाहर हुए कि इधर से टिकट मिल जायेगा पर सुनील सिंह फिर बाजी मार लिये. कहां तो उनका टिकट कटना था, पर ऐसा सेटिंग किया कि टिकट बच गया. मैडम तो टिकट की गारंटी पर ही आयी थी, सो मिल गया. बेचारे झोला टांगने वाले नेता जी को किनारे लगवा दिया. गप्पू चचा कहते हैं कि रांची में संजइया तो गजबे हाइ जंप मारा. महानगर अध्यक्ष था, खादी बोर्ड लिया और अब ऐके बार हाइ जंप मारके सीधे लोकसभा का टिकट हथिया लिया. बेचारे चचा जान हाथ मलते रहे गये. उनकी घुरकी भी कोई काम नहीं आयी. गप्पू चचा कह रहे हैं कि चुनाव तो अबरी गजबे होगा. खूब मजा आयेगा.

## ई ठीक है

कांग्रेस 55 साल से गरीबी हटाओ का नारा दे रही है, लेकिन गरीब और गरीब होते चले गये. कांग्रेस, आरजेडी और जेएमएम परिवारवाद की देन हैं. आप सभी से अपील है महागठबंधन के कीचड़ में कमल खिलाएं. फिर एक बार मोदी सरकार बनायें.

**रघुवर दास,** मुख्यमंत्री

इंदिरा गांधी के नेतृत्व में वर्ष 1971-73 के दौरान देश के कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण हुआ. इससे सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि कोयला खदानों में काम कर रहे लाखों मजदूरों के जीवन में सुधार आया. उन्हें वाजिब मजदूरी मिली और बीसीसीएल व सीसीएल जैसे उपक्रम अस्तित्व में आये. आज इनमें लाखों को रोजगार मिला है.

**सुबोधकांत सहाय,** कांग्रेस रांची लोकसभा

बूथ स्तर पर काम कर रहे अपने साथियों से मिल कर, उनका उत्साह और जोश देख मन प्रफुल्लित हो उठा. लोकसभा चुनाव 2019 में झारखंड एक नये दौर का नया और निडर सरकार चुनने जा रहा है. ऐसी सरकार जो झारखंड और झारखंडियों के हित को सर्वोपरि रखे. इस निर्माण में आप भी झामुमो के साथ जुड़ें.

**हेमंत सोरेन,** कार्यकारी अध्यक्ष झामुमो

## यही है मेरी पसंद

### जनता की समस्याओं को हल करने वाला हो हमारा सांसद

हमारा सांसद संवेदनशील, जनता के साथ आत्मीय संबंध रखनेवाला एवं क्षेत्र की जनता के सुख-दु:ख में सदैव साथ देनेवाला हो. जनता की समस्याओं के हल के लिए उचित प्लेटफार्म पर दृढ़ता से उनकी आवाज बने. समस्याओं के समाधान के लिए लगन, कर्मठता व प्रभावी रूप में एक सक्रिय प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करे. वह परिणाम देने व निष्पक्ष रह कर लोगों के बीच समानता की भावना से काम करता हो. अनेकों सांसदों की सांसद निधि बची रह जाती है और जनता समस्याओं से त्रस्त रहती है, ऐसा न सिर्फ चिंताजनक है, बल्कि लोक कल्याण के लिए की गयी व्यवस्था का तिरस्कार भी है. धन-बल, छल-प्रपंच, मनमर्जी का गलत व अमर्यादित रूप में प्रयोग सामाजिक, नैतिक, अध्यात्मिक व लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक है. वैसी प्रवृत्ति का प्रोत्साहन नहीं होना चाहिए. हमें वैसे सांसद चाहिए, जो समाज के लिए आदर्श हो.

**डॉ श्रीमोहन सिंह,** राज्य सचिव, भारत स्काउट-गाइड झारखंड राज्य शाखा.

## इनकी भी सुनें

जनता के बीच रहता हो तथा क्षेत्र की समस्या को अपना समझता हो. क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता हो. सिर्फ वोट के लिए जनता के बीच नहीं आये, जीतने के बाद भी वह क्षेत्र से जुड़ा रहे.

**रमेश गुप्ता,** सुभाष चौक निवासी

लोगों की समस्याओं को अपनी समस्या मान कर उसका समाधान निकालने का प्रयास करे. चुने जाने के बाद वह अपनी जिम्मेवारियों को समझे तथा लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करे. क्षेत्र के लोगों से अपना संपर्क हमेशा बनाये रखे.

**ज्योति पोद्दार,** चार्टर्ड एकाउंटेंट सह अधिवक्ता

हमारा सांसद हमारे बीच से हो. जीतने के बाद भी उसका क्षेत्र से जुड़ाव रहे, तभी क्षेत्र की समस्याएं दूर होंगी. देशहित में काम करे. बेरोजगारी को खत्म करने के लिए हरसंभव कदम उठाने के लिए सरकार को मजबूर कर रोजगार उपलब्ध कराने की योजना लागू कराये.

**कालीनाथ झा,** सेवानिवृत शिक्षक

वैसा सांसद चुना जाना चाहिए, जो सभी के लिए सुलभ हो. निर्वाचित होने के बाद उनसे मिलना सरल हो. विकास ही उसका विजन हो. जनहित में अपने सांसद कोटे का समुचित उपयोग करे.

**अजय कुमार,** प्रेस प्रवक्ता, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स ईस्टर्न जोन.

## आमने-सामने : सिंहभूम संसदीय सीट

2014 के लोकसभा चुनाव में सिंहभूम संसदीय सीट से भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा ने जीत हासिल की थी. उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी गीता कोड़ा को 87,524 वोट से हराया था. तब श्री गिलुवा को 3,03,131 वोट मिले थे. गीता कोड़ा जय भारत सामंता पार्टी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में थीं. सिंहभूम लोकसभा सीट के अंदर पश्चिम सिंहभूम के पांच और सरायकेला-खरसावां का एक विधानसभा क्षेत्र आता है. गिलुवा ने अपने कार्यकाल के दौरान संसद में 513 सवाल उठाये. 31 बहस में हिस्सा लिया. 92 फीसदी उपस्थिति रही. सांसद गिलुवा ने अपने क्षेत्र की जनता का पूरा ख्याल रखने का दावा किया. वहीं प्रतिद्वंद्वी गीता कोड़ा ने क्षेत्र में विकास योजना भी लागू नहीं कराने का आरोप लगाया.

# बिजली, पानी, फ्लाइओवर सब कुछ दिया : लक्ष्मण गिलुवा

**शीन अनवर** ▷ चक्रधरपुर

**सांसद का दावा**

सांसद लक्ष्मण गिलुवा ने कहा कि उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता का पूरा ख्याल रखा है. पिछले पांच साल में क्षेत्र के लोगों को बिजली, पानी, फ्लाइओवर सब कुछ उपलब्ध कराया है. सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में विकास के कार्य किये गये. चक्रधरपुर में पिछले 40 सालों से फ्लाइओवर नहीं बना था, लेकिन हमने पहल करके बनवाया. 70 सालों से अंधेरे में जी रहे गुदड़ी प्रखंड के 56 गांवों के लोगों तक बिजली पहुंचायी. चाईबासा फ्लाइओवर का निर्माण कार्य शुरू कराया. नोवामुंडी में फ्लाइओवर बनवाया. जिले का सबसे उपेक्षित प्रखंड गुदड़ी में दूरसंचार व्यवस्था बहाल करवायी. श्री गिलुवा ने कहा कि चक्रधरपुर में पानी की किल्लत दूर करायी. पनसुवां डैम से चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति योजना शुरू की गयी. नोवामुंडी के कुटिंगवा में पेयजल आपूर्ति योजना के तहत 62 गांवों में पानी की सप्लाइ प्रारंभ करायी. बंद पड़ी माइंस को लीज नवीकरण कर चालू कराया. इससे स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिला. सोनुवा से गुदड़ी तक पीडब्ल्यूडी की 45 किमी लंबी सड़क, चक्रधरपुर-टोकलो-कुचाई पथ, बांझीकुसुम-टोकलो-झरझरा पथ, चक्रधरपुर-सोनुवा-गोईलकेरा 45 किमी सड़क, सरायकेला से ओड़िशा सीमा तक 22 किमी पथ, चाईबासा मुख्य सड़क से कांड्रा तक 20 किमी पथ, हाता-चाईबासा 37 किमी एनएन-22 पथ का नर्मिण कराया गया. उन्होंने कहा कि चाईबासा में नया समाहरणालय भवन, कोल्हान विश्वविद्यालय का भवन, चक्रधरपुर, गोईलकेरा, आनंदपुर, सोनुवा, गुदड़ी में नये प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण करवाया. मनोहरपुर में वेदांता स्टील प्लांट लगाने की पहल की गयी है. इसके साथ ही गुदड़ी में विद्युत ग्रिड, मनोहरपुर के छोटानागरा में पेयजल आपूर्ति योजना प्रारंभ करायी गयी. आनंदपुर, कराईकेला, टोकलो व कुनाबेड़ा को अलग प्रखंड का दर्जा दिलाने में कोशिश की. कई पुल-पुलिया बनवाया. आदित्यपुर में 400 करोड़ की जलापूर्ति योजना व 200 बेड का अस्पताल, मझगांव में कन्यमनी नदी पर बड़ा पुल और मझगांव रेफरल अस्पताल में भवन बनवाया.

# केंद्र की एक भी योजना नहीं, जिसे गिलुवा गिनायें : गीता कोड़ा

**प्रतिनिधि** ▷ चक्रधरपुर

**विपक्ष का आरोप**

इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट से चुनाव मैदान में उतरी गीता कोड़ा ने पिछले पांच वर्षों में सांसद लक्ष्मण गिलुवा द्वारा किये गये कार्यों को नकारती है. उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद के पास एक भी ऐसी केंद्र सरकार की योजना नहीं है, जिसे वह जनता को बता सके. केंद्र सरकार से योजनाएं लाकर क्षेत्र का विकास करना चाहिए था. लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ. जब काम ही नहीं किये, तो जनता के पास जायेंगे कैसे. इसलिए राज्य सरकार की योजनाओं को गिनवा रहे हैं. जिन पर विधायकों को श्रेय मिलना चाहिए था, उसका श्रेय सांसद हासिल करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि मेरी निगाह में लक्ष्मण गिलुवा की पूरे पांच सालों में एक भी उपलब्धि नहीं है. गीता कोड़ा ने कहा कि चक्रधरपुर में जिस ओवरब्रिज का निर्माण कराने की बात कह रहे हैं, असल में उसकी प्रक्रिया राज्य की यूपीए सरकार ने शुरू की थी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में 2007-08 में इसे मंजूरी दी गयी थी. आज भी उस ओवरब्रिज में अंधेरा है, बिजली को कोई व्यवस्था नहीं है, अंडर पास-वे के लिए स्थानीय जनता लड़ाई लड़ रही है. यदि सांसद जी को जनता के हितों की फिक्र होती, तो निश्चित रूप से इन दोनों समस्याओं का हल निकालते. लेकिन उन्होंने इसकी पहल तक नहीं की. गीता कोड़ा ने कहा कि विधायकों के प्रयास से जितने भी काम हुए, सबका श्रेय सांसद लेना चाह रहे हैं. एक छोटा सा उदाहरण दे रही हूं - जनता अगर गौर करेगी, तो पायेगी कि प्रखंड कार्यालय भवनों या माल गोदामों या पुल- पुलियों का निर्माण केंद्र सरकार नहीं करती, सांसद का इसके निर्माण में कोई रोल ही नहीं होता. इसे राज्य सरकार विधायकों की अनुशंसा पर ही करती है, लेकिन सांसद अपने कार्यों की सूची में इन्हें भी शामिल कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि अगर सांसद जी काम करते तो आदर्श गांवों में यह दिखता. कई गांवों को आदर्श गांव बनाने के लिए सांसद ने गोद लिया था. इनमें एक गांव गोइलकेरा का डलाईकेला है, लेकिन विकास आज भी शून्य है. गांव वाले ठगा महसूस कर रहे हैं. गांव में पानी, स्वास्थ्य, मकान और प्राथमिक शिक्षा तक मुहैया नहीं है.

**वर्ष 2014 का चुनावी आंकड़ा**

| विजेता | पार्टी | वोट मिले थे | उप विजेता | पार्टी | वोट मिले | कितने वोट से हारे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्मण गिलुवा | भाजपा | 303131 | गीता कोड़ा | जय भारत सामंता पार्टी | 215607 | 87524 |

**तीन लोकसभा चुनावों का आंकड़ा**

| वर्ष | जो जीते | पार्टी | कितना वोट मिला | जो हारे | पार्टी | कितना वोट मिला | कितने वोट से हारे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2004 | बागुन सुंब्रई | कांग्रेस | 221343 | लक्ष्मण गिलुवा | भाजपा | 162147 | 59196 |
| 2009 | मधु कोड़ा | निर्दलीय | 256827 | बड़कुंवर गगराई | भाजपा | 167154 | 89673 |

### झारखंड में करीब एक लाख से अधिक कोयलाकर्मी

# लोकसभा की कई सीटों पर निर्णायक होंगे कोयलाकर्मी

**मनोज सिंह** ▷ रांची

**गिरिडीह, धनबाद, गोड्डा, दुमका, रांची, पलामू, चतरा है प्रभाव क्षेत्र**

**कहां, कितने कर्मी**

| कंपनी | संख्या |
|---|---|
| बीसीसीएल | 48513 |
| सीसीएल | 40681 |
| सीएमपीडीआइ | 3384 |
| इसीएल | 5000 (करीब) |

झारखंड का बड़े इलाके में कोयला खनन का काम होता है. कोयला मजदूरों की समस्या हमेशा राजनीति को प्रभावित करती रही है. कुछ सीट कोयलाकर्मियों के मुद्दे पर तय होता है. कुछ सीटों पर इनका अप्रत्यक्ष तो कुछ पर प्रत्यक्ष असर है. इस कारण कई मजदूर यूनियनों से जुड़े नेता भी सक्रिय राजनीति में शामिल हैं. झारखंड में कोयला मजदूरों व अधिकारियों की भी बड़ी संख्या है. वोटर के रूप में यह चुनावी आंदोलन को प्रभावित करते हैं. झारखंड में करीब एक लाख से अधिक कोयलाकर्मी हैं. इनका असर गिरिडीह, धनबाद, गोड्डा, दुमका, रांची, पलामू, चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ सकता है. कई लोकसभा क्षेत्र में तो यह निर्णायक भूमिका में होंगे.

**झारखंड में संचालित हैं चार कंपनियां :** झारखंड में चार कोयला कंपनियां संचालित हैं. तीन कंपनियों का मुख्यालय झारखंड में है. एक कंपनी का मुख्यालय तो प बंगाल में है, लेकिन झारखंड के कुछ इलाकों में इनका खनन का काम है. सीसीएल और सीएमपीडीआइ का मुख्यालय रांची में है. इसी तरह बीसीसीएल का मुख्यालय धनबाद में है, जबकि इस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड का मुख्यालय प बंगाल में है. इन कर्मियों के मुद्दे राज्य स्तर के नहीं है. राष्ट्रीय स्तर पर लिये जाने वाले निर्णय से कंपनियों के कामकाज प्रभावित होते हैं.

**वोट तो ले लेते हैं, लेकिन मुद्दा नहीं उठाते हैं :** कोयला क्षेत्र में काम करनेवाले श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों का मानना है कि हमलोगों के वोट से तो प्रतिनिधि चुन लिये जाते हैं, लेकिन हमारी आवाज नहीं उठाते हैं. ऐसा भारतीय मजदूर संघ, सीटू, एटक, एचएमएस के प्रतिनिधियों का भी कहना है. सीटू के आरपी सिंह कहते हैं कि झारखंड के एक भी लोकसभा सदस्य ने मजदूरों की समस्या नहीं उठायी. एक बार तपन सेन और एक टीडीपी की सांसद ने आवाज उठाया था. एटक नेता लखन लाल महतो कहते हैं कि कोयला क्षेत्र की कई समस्या है. हाल के दिनों में कई ऐसे मामले थे, जो सीधे कोयलाकर्मियों को प्रभावित करते रहे. इसमें व्यावसायिक खनन, आउट सोर्सिंग, अनुकंपा व मेडिकल अनफिट नौकरी आदि मुद्दों पर भी कोई आवाज नहीं उठाते हैं. चुनाव जीतने के बाद निजी व्यवस्था में लग जाते हैं. भारतीय मजदूर संघ के बिंदेश्वरी प्रसाद का कहना है कोयला क्षेत्र का ट्रेड यूनियन खुद काफी मजबूत होता है. कभी-कभी जरूरत पड़ने पर सांसदों के पास गये हैं, सहयोग नहीं किया. कई नेता कोयला कंपनी चला रहे हैं, लेकिन हाइपावर कमेटी की अनुशंसा खुद लागू नहीं करते हैं.

# संगठन से तालमेल अन्नपूर्णा की चुनौती

- टिकट को लेकर चली जद्दोजहद व दलबदल से अपनों के भितरघात की आशंका

**विकास** ▷ कोडरमा

प्रदेश राजद अध्यक्ष पद का त्याग कर भाजपा का दामन थामनेवाली पूर्व मंत्री अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा लोकसभा से टिकट मिल गया. लंबे समय से टिकट को लेकर चल रही जिच के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अन्नपूर्णा के नाम का एलान किया तो लोग अब जीत-हार को लेकर समीकरण बैठाने लगे हैं. राजनीतिक जानकारों के अनुसार भाजपा से टिकट प्राप्त कर अन्नपूर्णा ने पहला जंग जरूर जीत लिया है, पर जिस तरह टिकट को लेकर वर्तमान सांसद डॉ रवींद्र राय व अन्य दावेदार अंतिम समय तक डटे रहे, उससे भितरघात की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है. रवींद्र राय ने तो एक-दो दफे बकायदा सोशल मीडिया पर टिकट को लेकर अपनी राय जगजाहिर की. यही नहीं भाजपा जिलाध्यक्ष रामचंद्र सिंह समेत कई मंच मोर्चा के नेताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व को पत्र लिख कर डॉ रवींद्र राय को ही टिकट दिये जाने पर जीत की गारंटी बतायी थी. अब जब डॉ राय की जगह अन्नपूर्णा को टिकट थमाया गया है, तो पार्टी संगठन के अंदर अलग तरह की चर्चा शुरू हो गयी है. अन्नपूर्णा के लिए सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के स्थानीय संगठन के साथ तालमेल बैठाने की होगी. जो भाजपाई वर्षों तक राजद के शासन को कुशासन बताते हुए अन्नपूर्णा देवी का विरोध करते रहे, उन्हें अब अन्नपूर्णा के लिए भाजपा से प्रचार करना होगा. इस स्थिति में संगठन के अंदर नाराजगी व बिखराव भी देखने को मिल सकता है.

**खराब रिपोर्ट कार्ड व सरकार से अलग राह ने कटवा दिया टिकट!** पांच साल तक कोडरमा के सांसद रहे डॉ रवींद्र राय का टिकट कटने को लेकर कई कारण बताये जा रहे हैं. सबसे बड़ा कारण अंतिम समय में बदली स्थितियां हैं. इसके अलावा खराब रिपोर्ट कार्ड व राज्य सरकार से कई मुद्दों पर अलग राय रखने को भी ठोस कारण माना जा रहा है.

**पति रमेश यादव भी लड़े थे :** एक ही लोकसभा सीट से पति-पत्नी दोनों के द्वारा सांसद का चुनाव लड़ने का संयोग कोडरमा में भी बनने जा रहा है. अन्नपूर्णा देवी जहां इस बार भाजपा की प्रत्याशी होंगी, वहीं उनके पति स्वर्गीय रमेश प्रसाद यादव 1996 में इसी सीट से जनता दल के प्रत्याशी थे. हालांकि, उस समय उन्हें भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा से हार का सामना करना पड़ा था. रीतलाल वर्मा को जहां 243295 वोट मिले थे, वहीं रमेश यादव को 196341 वोट मिले थे. रमेश को तत्कालीन सांसद मुमताज अंसारी की जगह उम्मीदवार बनाया था. इसमें रमेश यादव को हार का सामना करना पड़ा.

### ईमानदारी के लिए आज भी याद किये जाते हैं तीन बार विधायक व मंत्री और दो बार सांसद रहे ललित उरांव

# गांव के साधारण मकान में रहता है बाबा का परिवार

- ललित उरांव पांच बार लोकसभा चुनाव लड़े थे. तीन बार हारे, दो बार 1991 व 1996 में चुनाव जीते थे, तीन बार 1969, 1977 व 1980 में चुनाव जीत कर विधायक बने थे.

**दुर्जय पासवान/सुरेश** ▷ गुमला

परिवार के सदस्यों के साथ ललित उरांव. फाइल फोटो.

अपने घर के समीप खड़ास्वर्गीय ललित उरांव का पुत्र मंगलाचरण .

लोहरदगा संसदीय सीट से 1991 व 1996 में दो बार भाजपा की टिकट से संसदीय चुनाव जीतने वाले बाबा के परिवार के पास आज भी कुछ कमरों का एक मंजिला घर है. बाबा के नाम से प्रसिद्ध रहे ललित उरांव तीन बार बिहार विधानसभा के सदस्य भी रहे. संयुक्त बिहार में मंत्री भी रहे. अपने आदर्शों पर अटल रहने वाले श्री उरांव का परिवार आज भी खेती-बारी कर जीवन यापन कर रहा है. परिवार के कुछ सदस्य राजनीतिक दलों के सदस्य जरूर हैं, लेकिन अभी तक चुनावी राजनीति से दूर. श्री उरांव तीन बार सिसई विधानसभा से 1969, 1977 व 1980 में चुनाव जीत कर विधायक बने थे. 1969 में बिहार सरकार में आदिवासी कल्याण मंत्री व 1977 में वन मंत्री बने. 1974 के जयप्रकाश आंदोलन में हिस्सा लिया था. उस समय उन्हें तिहाड़ जेल जाना पड़ा था. ललित उरांव का 27 अक्तूबर 2003 को टाटा में निधन हो गया था. आज भी उनकी ईमानदारी व काम करने के तरीके को लोग याद करते हैं. सांसद व विधायक रहते हुए भी वे खेती-बारी से जुड़े रहे. लोगों के दिलों में राज करते थे. उनके नाम से ही गुमला शहर में ललित उरांव बस पड़ाव बना है. इनके राजनीति जीवन में लगनशील, शालीनता, ईमानदारी, सादगी व उच्च विचार था. स्वर्गीय ललित उरांव के एक पुत्र व तीन पुत्री हैं. 1981 में ललित उरांव द्वारा पोटरो गांव में बनाये गये घर में ही उसका बेटा मंगलाचरण उरांव अपने परिवार के साथ रहता है. वर्तमान में स्वर्गीय ललित उरांव के पुत्र मंगलाचरण उरांव भाजपा के कार्यकर्ता हैं.मंगलाचरण बताते हैं कि उनके पिता स्व ललित उरांव ने मीडिल स्कूल तक की पढ़ाई सिसई मध्य विद्यालय से की थी, हाइस्कूल गुमला से मैट्रिक की परीक्षा पास की. रांची से इंटर पास के बाद पढ़ाई छोड़ खेती-बारी में लग गये. सामाजिक कार्य में रुचि लेने लगे. इसी बीच शिक्षक बने और रामवि बिशुनपुर में हेड मास्टर बने. ललित उरांव 1962 में कांग्रेस के कार्तिक उरांव के साथ राजनीति में आये. 1962 में ही कांग्रेस पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़े, पर जीत नहीं मिली. इसके बाद 1965 में जनसंघ पार्टी में शामिल हो गये. 1969 में जनसंघ से पहली बार विधायक बने और बिहार में आदिवासी कल्याण मंत्री बनाये गये थे.

राष्ट्रीय दलों के नेताओं ने पिछले पांच साल के कार्यकाल में कभी भी आदिवासी जिले का दौरा नहीं किया. अब वोट पाने के लिए दौरे कर रहे हैं. **नवीन पटनायक**, सीएम ओड़िशा

ईसी (चुनाव आयोग) के आरोपों के बाद राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह और नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार को इस्तीफा दे देना चाहिए. **पी चिदंबरम**, कांग्रेस

असम : पहला चरण

## 34 प्रतिशत उम्मीदवार मैट्रिक पास या उससे कम

**डिब्रूगढ़.** असम में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 41 उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता मैट्रिक पास या उससे कम है. इनमें भाजपा के मौजूदा सांसद भी शामिल हैं. चुनाव हलफनामों में यह बात सामने आयी है. हालांकि इस सूची में आइआइटी के एक पूर्व छात्र, राजनीति विज्ञान के एक सेवानिवृत्त प्राध्यापक, कानून और स्नातकोत्तर डिग्रीधारक भी शामिल हैं. असम की 14 में से पांच लोकसभा सीटों पर 11 अप्रैल को मतदान होना है. डिब्रूगढ़ से भाजपा के मौजूदा सांसद और इस बार भी चुनाव लड़ रहे रामेश्वर तेली हाइस्कूल पास हैं.

# कांग्रेस-भाजपा के पांच को छोड़ सभी उम्मीदवार करोड़पति

गुजरात लोस चुनाव

- मेहसाणा से कांग्रेस उम्मीदवार अंबालाल पटेल दलों के सबसे अमीर प्रत्याशी, कुल घोषित पूंजी 69.9 करोड़ रुपये
- सबसे अमीर महिला प्रत्याशी जामनगर की भाजपा सांसद पूनम मादम, कुल संपत्ति 42.7 करोड़ रुपये

एजेंसियां ▸ अहमदाबाद.

**गुजरात** में 26 लोकसभा सीटों के लिए चुनावी मैदान में उतरे भाजपा और कांग्रेस के पांच उम्मीदवारों को छोड़कर सभी उम्मीदवार करोड़पति हैं. उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों के साथ जमा किये गये शपथ पत्रों से यह पता चला है. एक करोड़ रुपये से कम आय वाले पांच में से चार उम्मीदवार जनजातीय समुदाय से संबंध रखते हैं.

दोनों दलों के सबसे अमीर उम्मीदवारों में कांग्रेस के मेहसाणा से उम्मीदवार अंबालाल पटेल शामिल हैं,

सबसे कम अमीर उम्मीदवार कांग्रेस के जीतू चौधरी, कुल पूंजी 66.1 लाख रुपये

जिनकी घोषित पूंजी 69.9 करोड़ रुपये है. भाजपा उम्मीदवार और नवसारी से मौजूदा सांसद चंद्रकांत पटेल की घोषित पूंजी 44.6 करोड़ रुपये हैं. जामनगर से भाजपा सांसद पूनम मादम की घोषित पूंजी 42.7 करोड़ रुपये है वह इस बार भी जामनगर से चुनाव लड़ रही हैं. मेहसाणा से भाजपा की उम्मीदवार शारदाबेन पटेल के पास 44 करोड़ रुपए की पूंजी है. रमेश धाडुक ने 35.75 करोड़ रुपए की पूंजी की घोषणा की है. कांग्रेस के तीन और भाजपा के दो उम्मीदवारों की घोषित पूंजी एक करोड़ रुपए से कम है. भरूच से भाजपा सांसद मनसुख वसावा की घोषित पूंजी 68.35 लाख रुपये, कांग्रेस उम्मीदवार शेरखान पठान की घोषित पूंजी 33.4 लाख रुपये, कच्छ से कांग्रेस उम्मीदवार नरेश माहेश्वरी की कुल पूंजी 38.13 लाख रुपये, भाजपा उम्मीदवार गीताबेन राठवा की घोषित पूंजी 86.3 लाख रुपए अैर कांग्रेस उम्मीदवार जीतू चौधरी की कुल घोषित पूंजी 66.1 लाख रुपये है.

कुल पूंजी में उम्मीदवारों, उनके जीवन साथियों एवं आश्रितों की चल एवं अचल संपत्ति शामिल होती है. गुजरात की 26 लोकसभा सीटों के लिए 573 उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां 23 अप्रैल को चुनाव होंगे.

चुनाव अपडेट

### 1 भाजपा ने उप्र से चार और प्रत्याशियों की सूची जारी की

**लखनऊ.** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से चार और प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी की. आजमगढ़ में लालगंज सुरक्षित सीट से सांसद नीलम सोनकर प्रत्याशी होंगी, जबकि झांसी से सांसद तथा केंद्रीय मंत्री उमा भारती की जगह अनुराग शर्मा और बांदा में सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा की जगह आरके पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है. फूलपुर से प्रयागराज की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केशरी देवी पटेल को प्रत्याशी घोषित किया गया है. पार्टी ने लखीमपुर खीरी के निघासन विधानसभा के उप चुनाव के लिए शशांक वर्मा को प्रत्याशी बनाया है.

### 2 अमित शाह ने गांधीनगर में किया रोडशो

**अहमदाबाद.** भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने पार्टी के 39वें स्थापना दिवस पर शनिवार को गांधीनगर में रोडशो किया. शाह गांधीनगर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं. अहमदाबाद

के सरखेज इलाके से शुरू हुए रोडशो से पहले शाह ने जनसंघ के संस्थापक दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर माल्यार्पण किया. शाह ने 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है, सारा का सारा हमारा है' के नारे भी लगाये. पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने हाल ही में शाह की आलोचना की थी कि वह कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने का दिवास्वप्न देख रहे हैं.

### 3 अरुणाचल प्रदेश : लोकसभा चुनाव का पहला वोट पड़ा

**ईटानगर.** देश के पूर्वी छोर अरुणाचल प्रदेश में आइटीबीपी के जवानों ने शनिवार को लोकसभा चुनाव, 2019 का पहला वोट डाला. यहां लोकसभा चुनाव पहले चरण में 11 अप्रैल को होना है. गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों के तय कार्यक्रम से पहले सर्विस वोटर्स द्वारा मतदान किया जाता है. इसके तहत अरुणाचल प्रदेश में तैनात इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आइटीबीपी) की अरुणाचल प्रदेश के लोहितपुर स्थित यूनिट ने मतदान किया. जवानों ने गुप्त डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

### 4 थल सेना के पूर्व उप प्रमुख शरत चंद भाजपा में हुए शामिल

**नयी दिल्ली.** थल सेना के पूर्व उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) शरत चंद शनिवार को पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की मौजूदगी में भाजपा में

शामिल हो गये. शरत चंद जून 1979 में गढ़वाल राइफल्स में शामिल हुए थे और वह पिछले साल एक जून को थल सेना के उप प्रमुख पद से सेवानिवृत्त हुए. वह थल सेना में कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुके हैं. उन्होंने कहा, आज के वैश्विक परिदृश्य में देश को मजबूत नेतृत्व की जरूरत है. मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रेरित हूं. इसी कारण में भाजपा में शामिल हो रहा हूं.

### 5 राहुल को सुषमा की सीख भाषा की गरिमा रखें

**नयी दिल्ली.** वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को लेकर राहुल गांधी के बयान पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज ने एतराज जताया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष भाषणों में भाषा की गरिमा बनाये रखें. राहुल ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर आडवाणी को अपमानित करने का आरोप लगाया था और कहा था कि जूता मार के उन्हें (आडवाणी को) स्टेज से उतार दिया. सुषमा स्वराज ने ट्वीट किया कि आडवाणी जी हमारे पिता तुल्य हैं. आपके शब्दों ने हमें बहुत आहत किया है. कृपया अपने भाषण में गरिमा बनाये रखें. वहीं, पीयूष गोयल ने कहा कि एक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं.

जोर आजमाइश. हर बार मतदाता बदलते रहे हैं अपना सांसद, सब को दिया मौका

# तीर्थनगरी हरिद्वार में भाजपा को रोकने के लिए राजनीतिक ध्रुवीकरण की लड़ाई

नेशनल कंटेंट सेल

**तीर्थनगरी** हरिद्वार में हिंदुत्व, गंगा, एयर स्ट्राइक के साथ ही स्थानीय मुद्दों की गूंज हर तरफ सुनाई दे रही है. हिंदुत्व के एजेंडे के लिहाज से मुफीद इस सीट को हर हाल में बरकरार रखने का दबाव भाजपा पर है. कांग्रेस और बसपा पर भी दबाव कम नहीं है. दिलचस्प स्थिति अल्पसंख्यक और अनुसूचित जाति के वोटों को लेकर बन रही है. कांग्रेस और बसपा जहां इनके ध्रुवीकरण के लिए ताकत झोंक रही हैं, वहीं भाजपा इनके बिखराव से अपनी जीत का रास्ता तय होता देख रही है. पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक यहां से फिर भाजपा प्रत्याशी हैं, तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक अंबरीष कुमार को उतारा है. कांग्रेस अपने सबसे मजबूत नेता पूर्व सीएम हरीश रावत को उतारने की तैयारी में थी, लेकिन बात नहीं बनी. बसपा ने अंतरिक्ष सैनी पर दांव खेला है.

इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 14 विधानसभा सीटें हैं और सब में अलग-अलग मुद्दों का असर दिखता है. समान रूप से हिंदुत्व-गंगा, एयर स्ट्राइक जैसी बातें हैं, लेकिन कहीं पर गन्ना किसानों का बकाया, तो कहीं पर रुड़की से देवबंद तक बिछाये जा रहे रेलवे ट्रेक के एवज में अधिग्रहित दस गांवों की जमीन और उसके मुआवजे का मामला प्रभावी है.

मोदी सरकार ही भारत का भला कर सकती है. जहां तक सांसद के रूप में काम का सवाल है, क्षेत्र में इस समय 25 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं.
**डॉ रमेश पी निशंक**, भाजपा प्रत्याशी

पिछले पांच वर्षों में समस्याओं का अंबार खड़ा हुआ है. गन्ना किसानों से लेकर तमाम समस्याएं हैं. 70% रोजगार की बात छलावा साबित हुई. भाजपा ने लोगों को छला है.
**अंबरीष कुमार**, कांग्रेस प्रत्याशी

भाजपा-कांग्रेस ने जनभावनाओं से खिलवाड़ किया है. बसपा को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है. जीत तय है.
**अंतरिक्ष सैनी**, बसपा प्रत्याशी

### हरीश को मिली थी ताकत, जीत के बाद खूब चमके

- कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सीएम हरीश रावत को 2009 में जब एक अदद चुनाव जीतने की सबसे बड़ी जरूरत थी, तब हरिद्वार लोकसभा सीट ने उनका साथ दिया था.
- इससे पहले, कुमाऊं की अल्मोड़ा सीट से ही हरीश रावत चुनाव लड़ते थे. अस्सी के दशक में उन्होंने वहां से मुरली मनोहर जोशी को तीन बार पराजित किया, लेकिन नब्बे के दशक में राम लहर के बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने चार बार हरीश रावत को वहां परास्त किया.
- नया दांव खेलते हुए हरीश रावत 2009 में हरिद्वार सीट पर आये, तो उन्हें शानदार जीत मिली.

### स्थानीय रोजगार का मुद्दा बरकरार

2000 में अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद हरिद्वार जिले में करीब 1200 से ज्यादा फैक्ट्रियां लगी हैं. इनमें लाखों लोग रोजगार से जुड़े हैं. इसके बावजूद स्थानीय युवाओं को रोजगार का मुद्दा अभी भी जिंदा है. तत्कालीन एनडी तिवारी सरकार ने सिडकुल की स्थापना के समय 70% रोजगार स्थानीय युवाओं को देने का शासनादेश जारी किया था.

### जमीन के मुआवजे का इंतजार

रुड़की से देवबंद तक बिछाये जा रहे रेलवे ट्रैक की एवज में हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के करीब दस गांव की जमीन अधिग्रहित की गयी है. एक बार बंद हो गयी इस परियोजना को मोदी सरकार ने दो साल पहले फिर से शुरू किया था. गांवों की हजारों बीघा जमीन अधिग्रहित की गयी है, लेकिन जमीन मुआवजे का मामला अब भी अटका है.

### कब किसे कितने वोट मिले




उत्तर प्रदेश

## डिंपल ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**कन्नौज.** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी और कन्नौज से मौजूदा सांसद डिंपल यादव ने शनिवार को यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. डिंपल यादव दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्ट्रेट पहुंचीं, जहां उन्होंने नामांकन पत्र के दो सेट दाखिल किये. इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, सपा

उपाध्यक्ष किरणमय नंदा व महासचिव रामगोपाल यादव, बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा, जया बच्चन भी मौजूद थीं.

नामांकन से पूर्व डिंपल और अखिलेश ने रथ पर सवार होकर रोड शो किया. अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार देश में परिवर्तन की लहर है और केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी, जिसमें सपा, बसपा, रालोद की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. यादव ने कहा कि कन्नौज ने लोहिया और मुलायम सिंह यादव को जिता कर भेजा. हमें भी कन्नौज की जनता ने तीन बार आशीर्वाद दिया और दो बार डिंपल यादव को कन्नौज से सांसद बनने का मौका दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा ने वादों के खिलाफ काम किया है, जिससे बेरोजगारी बढ़ी है. युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, सभी परेशान हैं. भाजपा सिर्फ नफरत फैलाने का काम कर रही है.

महागठबंधन

## तीनों नेताओं की साझा रैली आज

**लखनऊ.** बसपा, सपा और रालोद गठबंधन की लोकसभा चुनाव के लिए पहली संयुक्त रैली रविवार को सहारनपुर के देवबंद से होगी. यहां पहले चरण में 11 अप्रैल को चुनाव होने हैं. बसपा द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि देवबंद की यह रैली जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज के पास आयोजित की गयी है.

इस रैली को बसपा सुप्रीमो मायावती संबोधित करेंगी. समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता ने बताया कि देवबंद की रैली में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव मौजूद रहेंगे. यह पहली बार होगा कि गठबंधन की तीनों पार्टियों के प्रमुख नेता एक मंच पर होंगे. रालोद प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष अजित सिंह और उपाध्यक्ष जयंत चौधरी कल देवबंद में रैली को संबोधित करेंगे. गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटों पर हो रहे आम चुनाव में बसपा, पार्टी व आरएलडी पहली बार गठबंधन बना कर चुनाव लड़ रही हैं.

कांग्रेस का आयोग से सवाल

## सत्तासीन ताकतों को आईना दिखाने से घबराहट क्यों

एजेंसियां ▸ नयी दिल्ली

**कांग्रेस** ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार की हालिया टिप्पणियों पर चुनाव आयोग के कदम को लेकर कटाक्ष करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग का मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट अब मोदी कोड ऑफ कंडक्ट बन गया है. पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा कि आदित्यनाथ भारतीय सेना का अपमान करते हैं और चुनाव आयोग उन्हें 'प्रेम पत्र' लिखता है. नीति आयोग के उपाध्यक्ष न्याय योजना को कोसते हैं और चुनाव आयोग कहता है, 'आगे से मत करें'. आखिरकार चुनाव आयोग

सत्तासीन ताकतों को सच्चाई का आईना दिखाने से घबरा क्यों रहा है?

वहीं, खबर है कि चुनाव आयोग ने उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके 'मोदीजी की सेना' वाले बयान पर नाराजगी जताते हुए भविष्य में अपनी टिप्पणियों में सावधानी बरतने को कहा है. आयोग ने राजीव कुमार द्वारा की गयी आलोचना को भी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करार दिया है.

कैमरे की नजर से

## अपने निर्वाचन क्षेत्र में पूजन को कतार में

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी ने शनिवार को अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के काली मंदिर में पूजा अर्चना की. नवरात्र के अवसर पर देवी की पूजा करने पहुंची स्मृति ने अपनी बारी की प्रतीक्षा कतार में लग कर की.

ट्विटर/फेसबुक कोना

भाजपा व स्वयं पीएम मोदी अपनी संभावित हार से इतने भयभीत हैं कि उन्हें खुद नहीं पता कि वे किस पर क्या व कैसा मिथ्या आरोप लगा रहे हैं. आतंकियों को छोड़ने की गलत परंपरा भाजपा सरकारों की है, बसपा की नहीं.
**मायावती**, बसपा प्रमुख

'विकास' पूछ रहा है, गोरखपुर में सांसद जी को मठाधीशी का जो झोला भर प्रसाद मिला है, क्या उसे वे पूरा गटक जायेंगे या किसी से बांटेंगे भी? उन्हें जनता को यह हर हाल में बताना चाहिए.
**अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

पश्चिमी यूपी को सबसे ज्यादा जख्म सपा-बसपा की सरकारों ने दिये. बहुसंख्यकों से अन्याय और अल्पसंख्यकों को तवज्जो दी गयी. उनके समय में 39 चीनी मिलें बंद हुईं. पांच वर्षों से गन्ना मूल्य बकाया था. हमने दो वर्षों में ही 61 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया.
**योगी आदित्यनाथ**, सीएम यूपी

कार्टून कोना — बीबीसी

फ्लैश बैक — वक्त के मिजाज के साथ बदलते रहे हैं चुनावी नारे और जुमले

# कभी इंदिरा को हटाने, तो कभी सत्ता में लाने को लगे नारे

डॉ आरके नीरद

**नारे** और जुमले चुनाव के ऐसे पहलू हैं, जिनमें राजनीतिक दलों की सोच और काल-परिस्थिति के अक्स पूरी शिद्दत से उतारे जाते हैं. इसे चूंकि हर बार चुनावी समीकरण और सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां बदलती हैं. इसलिए चुनावी नारे और जुमले भी बदल जाते हैं. इन नारों में समय और समाज का मिजाज भी छिपा होता है. जिस देश में 1977 में 'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ' के नारे ने केंद्र की सत्ता से कांग्रेस को उखाड़ फेंका, उसी देश में 1980 के चुनाव में 'आधी रोटी खायेंगे, इंदिरा को जितायेंगे' के नारे ने सत्ता में उसकी वापसी का रास्ता खोला. चुनावी नारों ने जनता को कुछ दिया हो या नहीं, दलों को अपने पक्ष में हवा बनाने में खूब मदद की है. 1971 में 'गरीबी हटाओ', इंदिरा गांधी के इस नारे ने देशभर के गरीबों को पहली बार राजनीतिक सोच की मुख्य धारा से जोड़ा. तब ऐसा करना राजनीतिक परिस्थितियों की दृष्टि से इंदिरा गांधी की विवशता थी, क्योंकि तब रोटी, कपड़ा और मकान जैसे सवालों के साथ दूसरे राजनीतिक दल तो चुनौती दे ही रहे थे, वर्चस्व के सवाल पर कांग्रेस की आंतरिक खींचतान की भी चुनौतियां इंदिरा गांधी को मिल रही थीं. राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे इंदिरा गांधी की लेफ्ट ओरिएंटेड पॉलिसी कहा. हालांकि जल्द ही इस नारे का आकर्षण खत्म हो गया और लोगों का इससे मोहभंग हुआ. परिणाम हुआ कि कांग्रेस पर 'गरीबी नहीं, गरीब हटाओ' की तोहमत भरी जुमलेबाजी हुई. यही हश्र 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के दिये नारे 'सब के खाते में 15 लाख' का हुआ. 2014 के आम चुनाव में इस नारे ने लोगों पर खूब असर डाला, मगर बाद में काले धन की वापसी और 15 लाख के सवाल पर जब केंद्र सरकार घिर गयी, तब भाजपा ने ही यह कह कर इसकी हवा निकाल दी कि यह चुनावी जुमला था. भूमि अधिग्रहण अध्यादेश ने मोदी सरकार के 'सब का साथ, सब का विकास' के नारे पर संदेह पैदा कर दिया. अब तो इंदिरा गांधी के 'गरीबी हटाओ' की तर्ज पर इस नारे पर भी 'सब का साथ, खास का विकास' की तोहमत भरी जुमलेबाजी की जाने लगी है. एक नारा और भी बेमौत मरता दिख रहा है. वह है 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा'. इन सबके बावजूद, चुनाव और नारों का रिश्ता कमजोर नहीं हुआ. दरअसल, चुनावी नारों का अपना समाजशास्त्रीय और यथार्थवादी पक्ष भी है. इनका सामाजिक मनोविज्ञान पर गहरा प्रभाव होता है. यह चुनाव अभियान और कार्यकर्ताओं में जोश पैदा करता है. इसलिए इसमें आक्रामकता का समावेश करने के भरपूर प्रयास होते रहे हैं. इस प्रयास में कई बार इस आक्रामकता ने राजनीतिक मर्यादा और सामाजिक सौहार्द पर सीधा प्रहार किया है. इसके प्रभात भी नकारात्मक हुए हैं, लेकिन चुनावी जुनून में इसकी परवाह तब तक नहीं की गयी, जब तक कि राजनीतिक दलों को इससे नुकसान नहीं पहुंचा.

### रोचक संवाद होता रहा है नारों में

सन 60 के दशक में कांग्रेस के खिलाफ जनसंघ पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में उतरा था. उसका चुनाव चिह्न दीपक था. कांग्रेस का चुनाव चिह्न जोड़ा बैल था. तब जनसंघ ने नारा दिया था : **'जली झोंपड़ी-भागे बैल, यह देखो दीपक का खेल'**. कांग्रेस ने इसके जवाब में नारा लगाया : **'इस दीपक में तेल नहीं, सरकार चलाना खेल नहीं'**. ये दोनों नारे बाद के सालों में भी लोगों के जेहन में गूंजते रहे.